सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:56

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.0 न्यू | 16.0 अधि |
| धर्मशाला | 9.5 न्यू | 18 .5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,250 |
| निफ्टी | 25,300 |
| सोना 1,68,475 | चांदी 3,57,163 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 31 जनवरी 2026 | 18 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 34, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


# भाजपा ने गरीब से छीनी रोजी-रोटी : सीएम

## मनरेगा को कमजोर करने के खिलाफ रिज पर मंत्रियों और कांग्रेस नताओं संग उपवास पर बैठे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला का रिज मैदान आज न केवल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा और नमन का गवाह बना, बल्कि केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ एक बड़े राजनीतिक आंदोलन का केंद्र भी रहा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शहीदी दिवस के अवसर पर कांग्रेस नेताओं और मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ बापू को श्रद्धासुमन अर्पित किए और मनरेगा योजना के भगवाकरण और इसे कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ दो घंटे का उपवास रखकर एक बड़ा राजनीतिक संदेश दिया।

मीडिया से रू-ब-रू होते हुए सीएम सुक्खू ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की जीवनरेखा है, जिसे यूपीए सरकार ने कानून की गारंटी के साथ पेश किया था। इसे कमजोर करके भाजपा ने गरीब से उसकी रोजी-रोटी छीन ली है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि वर्तमान केंद्र सरकार ने न केवल इस योजना का नाम बदलने की कोशिश की है, बल्कि इसके फंड और शक्तियों में कटौती कर इसे अपंग बनाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जिस योजना ने कोविड-19 जैसे संकटकाल में ग्रामीणों को घर-द्वार पर रोजी-रोटी दी, आज उसके बजट और अधिकारों को कुचला जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने तकनीकी और वित्तीय पहलुओं पर केंद्र को घेरते हुए कहा कि पहले पंचायत प्रधानों के पास सड़क निर्माण जैसे कार्यों की शक्तियां थीं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित होता था, लेकिन अब यह अधिकार छीन लिए गए हैं। उन्होंने सबसे गंभीर चिंता बजट प्रावधानों को लेकर जताई। मुख्यमंत्री के अनुसार, पहले केंद्र इस योजना का शत-प्रतिशत खर्च वहन करता था, जिसे अब 90:10 के अनुपात में बदल दिया गया है। सुक्खू ने स्पष्ट किया कि वित्तीय भार को राज्य पर डालने से हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य के ग्रामीण विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और बेरोजगारों को मिलने वाला भत्ता भी खतरे में पड़ जाएगा।




महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते सीएम सुक्खू व उपवास पर बैठे मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल व अन्य कांग्रेस नेता। अनंत ज्ञान

### देखने को मिली सरकार और संगठन की अभूतपूर्व एकजुटता

**शिमला** के रिज पर सरकार व संगठन की अभूतपूर्व एकजुटता देखने को मिली। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल, प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार और प्रतिभा सिंह सहित मंत्रिमंडल के लगभग सभी वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। प्रदेश सह-प्रभारियों और विधायकों की मौजूदगी ने यह साफ कर दिया कि कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह उपवास आगामी चुनावों से पहले केंद्र के खिलाफ एक बड़े जन-आंदोलन की पटकथा लिखता नजर आया।

## न्यूज शॉर्ट्स

### ईरान का ट्रंप को जवाब हमारे 1000 ड्रोन तैयार

**एजेंसी, तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बीच ईरान ने दावा किया है कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। ईरान की सेना ने दावा किया है अगर अमेरिका हमला करता है तो उसके ड्रोन और मिसाइलों को नेटवर्क इन हमलों को नाकाम कर सकता है। ट्रंप ने 28 जनवरी को ईरान से परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने को कहा था। ऐसा न करने पर उन्होंने चेतावनी दी थी कि ईरान पर अगला हमला पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक होगा। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी कहा है कि सेना राष्ट्रपति के किसी भी सैन्य आदेश के लिए तैयार है। ट्रंप के मुताबिक अमेरिकी युद्धपोत ईरान की तरफ बढ़ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सीएम योगी हिंदू होने का सबूत दें: अविमुक्तेश्वरानंद

**एजेंसी, वाराणसी।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरकार पर तीखे हमले कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मुझसे शंकराचार्य होने का प्रमाण पत्र मांगा गया। मैंने वह दे दिया। मेरे प्रमाण सच्चे थे, इसलिए उन्हें मानना पड़ा। अब प्रमाण मांगने का समय पीछे छूट गया। अब मुख्यमंत्री को अपने हिंदू होने का प्रमाण देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम आपको 40 दिन का समय दे रहे। इन दिनों में आप गो-भक्त होने का प्रमाण दीजिए। अगर प्रमाण नहीं दे पाते, तो समझा जाएगा कि आप नकली हिंदू, कालनेमि, पाखंडी और ढोंगी हैं। सिर्फ दिखावे के लिए आपने गेरुआ वस्त्र धारण किया है। (अनंत ज्ञान)



### अजित की पत्नी आज लेंगी डिप्टी सीएम पद की शपथ!

**एजेंसी, मुंबई।** अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम होंगी। सूत्रों के मुताबिक शनिवार को एनसीपी के विधायक दल की बैठक के बाद इसका ऐलान किया जाएगा। शाम 5 बजे शपथ ले सकती हैं। अजित की प्लेन क्रेश में मौत के बाद उपमुख्यमंत्री पद खाली हो गया है। अजित के पास वित्त, आबकारी और खेल विभाग के साथ-साथ डिप्टी चीफ मिनिस्टर का पद भी था। सूत्रों के मुताबिक, वित्त मंत्रालय सीएम फडणवीस के पास रह सकता है। यह भी दावा भी किया जा रहा है कि अजित पवार एनसीपी के दोनों गुट के जिस मर्जर पर बातचीत कर रहे थे, उस पर आखिरी फैसला शरद पवार लेंगे। शुक्रवार को एनसीपी के नेता सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिलने उनके घर पहुंचे थे। मीटिंग आधे घंटे तक चली। बैठक में अजित पवार की पत्नी को डिप्टी सीएम बनाने की मांग की गई थी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- ऊना जिले में कांग्रेस-भाजपा में सीधा, कड़ा और निरंतर मुकाबला -पेज 2
- शिक्षा बोर्ड ने तैयार की आधुनिक पाठ्य-पुस्तकें -पेज 3
- 2027 तक भटियात के हर गांव को सड़क से जोड़ेंगे: पठानिया -पेज 4
- फोरलेन, तेज रफ्तार व लापरवाही बन रही जानलेवा -पेज 10
- दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े विधायक -पेज 11


## प्रदेश में कल से होगी ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के परिवहन क्षेत्र में एक बड़ा परिवर्तन होने जा रहा है, जिससे अब वाहन मालिकों को अपनी गाड़ियों की पासिंग के लिए मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) के कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिल जाएगी। प्रदेश सरकार एक फरवरी से राज्य में पहले ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन की शुरुआत करने जा रही है। इस नई व्यवस्था के तहत वाहनों की फिटनेस जांच पूरी तरह से आधुनिक मशीनों और अत्याधुनिक सेंसर तकनीक के माध्यम से की जाएगी। जानकारी के अनुसार, इस नई व्यवस्था का आगाज कांगड़ा सब-डिवीजन के रानीताल स्थित ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन से किया जा रहा है, जो प्रदेश का इस तरह का पहला केंद्र होगा। यहां वाहनों के ब्रेक, हेडलाइट की तीव्रता, सस्पेंशन की मजबूती, प्रदूषण स्तर और अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी मानकों की जांच स्वचालित प्रणालियों द्वारा की जाएगी। उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री ने व्यवस्था को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि हिमाचल अब स्मार्ट ट्रांसपोर्टेशन की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ा रहा है। डिजिटल इंडिया के विजन को आगे बढ़ाते हुए सरकार का लक्ष्य पूरे प्रदेश में एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार करना है जहां जनता को बिना किसी बाधा के त्वरित सेवाएं प्राप्त हों।

**◆ अत्याधुनिक सेंसर से होगी वाहनों की जांच**

# रिसीव करने नहीं पहुंचे मंडी के डीसी गोमा ने दिया विशेषाधिकार हनन नोटिस

## गणतंत्र दिवस समारोह में प्रोटोकॉल के उल्लंघन का आरोप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के युवा सेवा एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने मंडी के डीसी अपूर्व देवगन के खिलाफ विधानसभा में विशेषाधिकार हनन (प्रिविलेज) का नोटिस दिया। यह नोटिस 25 जनवरी को मंडी पहुंचने के दौरान कथित रूप से प्रशासनिक प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर दिया गया है।

यादवेंद्र गोमा ने अपने नोटिस में कहा कि वे 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए एक दिन पहले (25 जनवरी) मंडी पहुंचे, लेकिन उनके आगमन के समय डीसी मंडी न तो उपलब्ध थे और न ही उनकी अनुपस्थिति को लेकर कोई पूर्व सूचना या आधिकारिक संचार किया गया। मंत्री ने इसे सरकारी प्रोटोकॉल और प्रशासनिक दायित्वों का गंभीर उल्लंघन करार दिया। नोटिस के अनुसार, किसी भी जिले में राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम से पहले किसी कैबिनेट मंत्री के आगमन पर डीसी की मौजूदगी या अधिकृत प्रतिनिधि की व्यवस्था अनिवार्य मानी जाती है। मंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर इस तरह की प्रशासनिक उदासीनता को सामान्य चूक नहीं माना जा सकता, बल्कि यह विधानसभा के विशेषाधिकारों की अवहेलना के समान है। गोमा ने विधानसभा अध्यक्ष से मांग की है कि इस नोटिस को औपचारिक रूप से प्रिविलेज नोटिस के रूप में स्वीकार किया जाए। भविष्य में सरकारी प्रोटोकॉल और संवैधानिक पदों के सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।



मंत्री यादवेंद्र गोमा।



डीसी अपूर्व देवगन।

### ये आरोप लगाए

**मंत्री** यादवेंद्र गोमा ने अपने प्रिविलेज नोटिस में मुख्य रूप से ये तीन आरोप लगाए हैं:-

- ✓ *मंत्री के आगमन से पहले या बाद में डीसी मंडी द्वारा कोई सूचना या स्पष्टीकरण नहीं दिया गया।*
- ✓ *डीसी का स्वयं उपस्थित न होना प्रशासनिक लापरवाही और तैयारी की कमी दर्शाता है।*
- ✓ *यह कृत्य एक निर्वाचित प्रतिनिधि और संवैधानिक पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है।*

# बांग्लादेश ने भारत से छीना स्पेशल इकोनॉमिक जोन

## चटगांव चीन को ड्रोन फैक्टरी बनाने के लिए दिया, बदले में मिलेंगे 20 चीनी फाइटर जेट

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश ने चटगांव में भारत को दी गई सेज (स्पेशल इकोनॉमिक जोन) का भूमि आवंटन रद्द कर दिया गया है। यूनुस सरकार ने यह जमीन चीन को ड्रोन फैक्टरी बनाने के लिए दे दी है। लगभग 850 एकड़ में फैली इस जमीन में इस साल के अंत तक प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। चीन ड्रोन टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करने को भी राजी हो गया है। यहां मीडियम रेंज और वर्टिकल लिफ्ट वाले ड्रोन बनेंगे। बांग्लादेश को चीन से 20 चीनी फाइटर भी मिलेंगे। चीन ने बीते साल बांग्लादेश को 20जे-10सीई फाइटर जेट देने की डील भी की थी। ये सप्लाई भी इस साल के अंत से शुरू हो जाएगी। चीन ने बांग्लादेश को पेमेंट में भी बड़ी मोहलत दी है। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेश ने 10 साल पहले भारत को दी थी जमीन

**चटगांव** प्लांट भारतीय सीमा से 100 किमी दूर है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत-पाकिस्तान के बाद ड्रोन बनाने वाला तीसरा देश बन जाएगा। 10 वर्ष पूर्व भारत और बांग्लादेश के बीच 2015 में एक समझौता हुआ था। पीएम मोदी की ढाका यात्रा के दौरान शेख हसीना के साथ संयुक्त घोषणा में भारत के निवेशकों के लिए एक इंडियन इकोनॉमिक जोन स्थापित करने का फैसला लिया गया। यह गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट फ्रेमवर्क पर था, जिसमें भारतीय निवेशकों को प्राथमिकता मिलती और भारत की लाइन ऑफ क्रेडिट (एलओसी) से फंडिंग होती।

# हिमाचल में कल से दोबारा बारिश-बर्फबारी के आसार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मौसम विभाग की मानें तो आने वाले चार दिनों के दौरान हिमाचल प्रदेश में ठंड और बढ़ेगी। प्रदेश में शुक्रवार रात से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इससे तीन फरवरी तक पहाड़ों पर फिर से अच्छी बारिश-बर्फबारी के आसार है। खासकर एक फरवरी को पूरे प्रदेश में बारिश व बर्फबारी होगी। इस दिन सभी जिलों में आंधी-तूफान का येलो अलर्ट दिया गया है। प्रदेश में 50 से 60 किलोमीटर रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। अधिक ऊंचे पहाड़ों पर अच्छी बर्फबारी और निचले इलाकों में अच्छी बारिश होगी। चार फरवरी से मौसम साफ होगा। शुक्रवार को लाहौल-स्पीति के ताबो का न्यूनतम तापमान माइनस (-10.2) और कुकुमसैरी का माइनस (-9.2) डिग्री तक लुढ़क गया है। मशहूर पर्यटन स्थल मनाली में भी तापमान माइनस में है। वहीं, सुबह के वक्त बिलासपुर और मंडी में कोहरा छाया।

मौसम विभाग के अनुसार- बिलासपुर में भाखड़ा बांध के आसपास विजिबिलिटी 50 मीटर तक और सुंदरनगर में 100 मीटर तक नीचे गिरे।

**◆ सभी जिलों में आंधी तूफान का येलो अलर्ट**

### गणतंत्र दिवस परेड

## 'वंदे मातरम्' झांकी को प्रथम पुरस्कार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में संस्कृति मंत्रालय ने दो बड़े पुरस्कार अपने नाम किए। 'वंदे मातरम्' के 150 वर्षों के सफर को दर्शाती झांकी सर्वश्रेष्ठ चुनी गई, जबकि उसकी भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति 'वंदे मातरम्: भारत की शाश्वत गूंज' को इसकी विषयगत उत्कृष्टता के लिए विशेष सम्मान दिया गया। झांकी ने 'वंदे मातरम्' गीत के 150 साल के सफर को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इसमें दिखाया गया कि कैसे बंकिम चंद्र की यह रचना राष्ट्रीय जागरण का प्रतीक बनी और स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत की एकता तक अपनी भूमिका निभाती रही। (अनंत ज्ञान)

**आदेश** लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग वॉशरूम बनाना अनिवार्य

# स्कूलों में गर्ल्स को फ्री में बांटें सैनेटरी पैड: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सैनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग वॉशरूम बनाने होंगे। जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे उनकी मान्यता रद्द की जाएगी।

इसके साथ ही कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि हर स्कूल में दिव्यांग-अनकूल टॉयलेट बनाए जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने 2024 में लगाई एक जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया है। याचिका जया ठाकुर ने लगाई थी। उनकी मांग थी कि केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू किया जाए। (अनंत ज्ञान)

**◆ हर स्कूल में बनाए जाएं दिव्यांग-अनकूल टॉयलेट**


### अलग टॉयलेट नहीं हैं तो यह अनुच्छेद 14 का उल्लंघन



**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 (बराबरी का अधिकार) का उल्लंघन है। अगर लड़कियों को सैनिटरी पैड नहीं मिलते, तो वे लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई और गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं। मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) का हिस्सा है। अगर लड़कियों को उचित सुविधा नहीं मिलती तो उनकी गरिमा और निजता प्रभावित होती है। यह आदेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े लोगों के लिए नहीं है। यह उन क्लासरूम के लिए भी है, जहां लड़कियां मदद मांगने में झिझकती हैं। यह उन टीचर्स के लिए है, जो मदद करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण बंधे हुए हैं।

### पीरियड में लड़कियां नहीं जाती स्कूल

**सोशल** वर्कर जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करके लड़कियों की स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता जताई थी। याचिका में बताया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों के कारण कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं होते हैं और कपड़ा यूज करके उन दिनों में स्कूल जाना परेशानी का कारण बनता है। स्कूलों में भी लड़कियों के लिए फ्री पैड की सुविधा नहीं है। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इतना ही नहीं, स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोजल करने की सुविधा भी नहीं है, इस वजह से भी लड़कियां पीरियड्स में स्कूल नहीं जा पातीं।

# ऊना जिले में कांग्रेस-भाजपा में सीधा, कड़ा और निरंतर रहता है मुकाबला

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** हिमाचल प्रदेश का ऊना जिला केवल भौगोलिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि राजनीतिक रूप से भी प्रदेश की राजनीति को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है। कृषि प्रधान जिले में राजनीति की गर्मी भी बरकरार रहती है। मौजूदा समय में ऊना जिला राज्य की राजनीति का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है, जहां सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सीधा, कड़ा और निरंतर मुकाबला देखने को मिलता है। यहां की राजनीति मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के इर्द-गिर्द घूमती रही है, जबकि क्षेत्रीय, जातीय और विकासात्मक मुद्दे चुनावी समीकरणों को प्रभावित करने में अहम भूमिका निभाते आए हैं।

## मुकेश अग्निहोत्री और सतपाल सत्ती बड़े राजनीतिक चेहरे


मुकेश अग्निहोत्री


सतपाल सत्ती

**ऊना** की राजनीति दो मजबूत ध्रुवों के इर्द-गिर्द सिमटी नजर आती है। कांग्रेस के मुकेश अग्निहोत्री, जो हरोली विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं और वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के पद पर आसीन हैं। वहीं, भाजपा के सतपाल सिंह सत्ती, ऊना सदर से वरिष्ठ नेता, जो तीन बार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं और अपनी संगठनात्मक क्षमता के लिए जाने जाते हैं।

**मुकेश बनाम सत्ती में राजनीतिक टकरावः** मुकेश अग्निहोत्री का राजनीतिक प्रभाव केवल ऊना तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि हरोली विधानसभा क्षेत्र को कांग्रेस का मजबूत गढ़ बनाने में भी उनकी निर्णायक भूमिका रही है। उपचुनावों में दो सीटों पर जीत दर्ज कर उन्होंने न केवल अपने नेतृत्व को मजबूत किया, बल्कि प्रदेश सरकार में कांग्रेस की स्थिति को भी सुदृढ़ किया। दूसरी ओर, सतपाल सिंह सत्ती को भाजपा का कुशल रणनीतिकार माना जाता है। उनके प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए भाजपा ने संसदीय चुनावों में रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। ऊना सदर सीट पर उनकी जीत इस बात का संकेत है कि जिले में भाजपा का संगठनात्मक आधार अब भी मजबूत है, भले ही विधानसभा स्तर पर कांग्रेस को बढ़त मिली हो।

## पांच विधानसभा क्षेत्र, पांच अलग-अलग राजनीतिक धाराएं

**ऊना** जिले में चिंतपूर्णी, गगरेट, हरोली, ऊना सदर और कुटलैहड़-कुल पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की अपनी सामाजिक संरचना, राजनीतिक प्रवृत्ति और स्थानीय मुद्दे हैं, जो चुनावी परिणामों को रोचक और चुनौतीपूर्ण बनाते हैं। यही कारण है कि ऊना का हर चुनाव पूरे प्रदेश की राजनीति में खास महत्व रखता है।

## 2022 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का दबदबा

2022 के विधानसभा चुनाव ऊना जिले की राजनीति के लिए निर्णायक साबित हुए। जिले की पांच में से चार सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की।

- हरोली से मुकेश अग्निहोत्री
- चिंतपूर्णी से सुदर्शन सिंह बबलू
- गगरेट से कांग्रेस प्रत्याशी चैतन्य शर्मा
- कुटलैहड़ से देवेंद्र भुट्टो (करीब 32 वर्षों बाद कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत)

कुटलैहड़ सीट पर देवेंद्र भुट्टो की जीत खास तौर पर चर्चा में रही थी, क्योंकि उन्होंने भाजपा के कद्दावर कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर को पराजित किया था।

हालांकि, ऊना सदर सीट पर भाजपा के सतपाल सिंह सत्ती ने कांग्रेस के सतपाल रायजादा को हराकर भाजपा का परचम लहराए रखा।

## दलबदल और उपचुनाव राजनीति की अस्थिरता

**ऊना** जिले की राजनीति में दलबदल भी एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय रहा है। कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा और 2024 के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस उपचुनाव में कांग्रेस के विवेक शर्मा ने जीत दर्ज कर पार्टी की स्थिति को और मजबूत किया। गगरेट में भी इसी तरह का राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया। 2022 में कांग्रेस से जीतने वाले चैतन्य शर्मा ने 2024 के उपचुनाव में भाजपा से चुनाव लड़ा, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया। इन घटनाओं से यह स्पष्ट संकेत मिला कि ऊना की जनता दलबदल की राजनीति को सहजता से स्वीकार नहीं कर रही और स्थिरता को प्राथमिकता दे रही है।

## प्रमुख मुद्दे : विकास बनाम राजनीतिक समीकरण

**ऊना** की राजनीति में केवल दल और चेहरे ही नहीं, बल्कि स्थानीय मुद्दे भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

**औद्योगिक विकासः** मैहतपुर, गगरेट, टाहलीवाल और अंब जैसे औद्योगिक क्षेत्रों के कारण रोजगार, निवेश और आधारभूत सुविधाएं प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं।

**स्वां नदी प्रबंधनः** बाढ़, कटाव और जल प्रबंधन की समस्या वर्षों से राजनीतिक बहस का केंद्र रही है।

**रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्यः** युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं जनता की प्रमुख मांगों में शामिल हैं।

**पंजाब की सीमा का प्रभावः** पंजाब से सटे होने के कारण ऊना जिले की राजनीति और सामाजिक संरचना पर पड़ोसी राज्य का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। भाषा, व्यापार, उद्योग और राजनीतिक सोच पर पंजाब की छाप चुनावी रणनीतियों को भी प्रभावित करती है।

## बदलती राजनीति : युवा और विकास केंद्र में

**समय** के साथ ऊना की राजनीति में बदलाव साफ नजर आने लगा है। अब युवा नेतृत्व और विकास-केंद्रित राजनीति को अधिक महत्व दिया जा रहा है। मतदाता पारंपरिक जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों के साथ-साथ अब कार्य, पारदर्शिता और भविष्य की योजनाओं को भी प्राथमिकता देने लगे हैं।

कुल-मिलाकर, ऊना जिला हिमाचल प्रदेश की राजनीति का ऐसा आईना है, जिसमें सत्ता और विपक्ष की टकराहट, संगठनात्मक मजबूती, दलबदल की राजनीति और जनता का स्पष्ट जनादेश सभी पहलू दिखाई देते हैं। आने वाले समय में यह देखना रोचक होगा कि क्या विकास और युवा राजनीति पारंपरिक राजनीतिक ध्रुवीकरण को चुनौती दे पाएगी, या फिर कांग्रेस और भाजपा के बीच का यह सीधा मुकाबला और अधिक तीखा रूप ले लेगा।

# प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास के प्रति समर्पित : सुक्खू

## सरकार की नीतियां सीधे तौर पर किसान केंद्रित, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को किया जा रहा मजबूत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमकॉन के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विकेश चौहान ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए विश्वास दिलाया कि वे पार्टी हाईकमान की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि रामपुर क्षेत्र से पहली बार किसी व्यक्ति को यह गौरवशाली जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो क्षेत्र के प्रति सरकार के सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने दोहराया कि वर्तमान प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह समर्पित है।


सीएम सुक्खू को सम्मानित किए जाने का दृश्य। अनंत ज्ञान

सीएम सुक्खू ने प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने पर बल देते हुए कहा कि हिमाचल की 90 प्रतिशत आबादी गांवों में बसती है, इसलिए सरकार की नीतियां सीधे तौर पर किसान केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक पहल करते हुए प्राकृतिक खेती से उपजे उत्पादों और दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि को एक लाभकारी व्यवसाय बनाया जाए ताकि किसानों की आय में सम्मानजनक वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से गेहूं 60 रुपए, मक्का 40 रुपए और कच्ची हल्दी 90 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीदी जा रही है। पशुपालकों को संबल प्रदान करने के लिए गाय का दूध 51 रुपए और भैंस का दूध 61 रुपए प्रति लीटर की दर से खरीदा जा रहा है। इसके साथ ही, दूरदराज के क्षेत्रों से स्वयं दूध की आपूर्ति करने वाले किसानों को 2 रुपए प्रति लीटर की अतिरिक्त सब्सिडी भी दी जा रही है। सरकार के ये कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्रदान करने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

# 2047 से पहले समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण लागू हों : शांता

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे शांता कुमार ने कहा कि वर्ष 2047 में भारत जब आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब तक यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को पूरे देश में लागू कर दें और जनसंख्या नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाएं, तो स्वतंत्रता की शताब्दी और अधिक गौरवशाली बन जाएगी।



शांता ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह आज हम सभी के लिए परम सौभाग्य का विषय है कि भारत और भारतीय जनता पार्टी के स्वर्ण युग को अपनी आंखों से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष और सैकड़ों राम भक्तों के बलिदान के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। इसके साथ ही अनुच्छेद 370 हटाया गया है।

उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर संसद तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रभाव हर चुनाव के साथ लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और बिहार के बाद महाराष्ट्र और मुंबई में मिली शानदार जीत ने पश्चिम बंगाल में भी भाजपा की जीत की मजबूत नींव रख दी है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का बंगाल अब राष्ट्रीय शक्तियों के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी का कोई विकल्प नहीं है।

# सुक्खू सरकार का अनशन महज सियासी नौटंकी : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि विकसित भारत ग्रामीण आजीविका गारंटी के विरोध में सुक्खू सरकार का अनशन जनता के हित से नहीं, बल्कि अपने आलाकमान को खुश करने की सियासत से प्रेरित है।

◆ बोले-जनहित से कांग्रेस का नहीं रहा कोई वास्ता

उन्होंने इसे महज सियासी नौटंकी करार देते हुए कहा कि केंद्र का नया कानून पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में अहम कदम है, जिसमें डिजिटाइजेशन और बायोमेट्रिक हाजिरी से बिचौलियों की गुंजाइश खत्म होती है। इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और गांवों में विकास की रफ्तार तेज़ होगी।

नेता प्रतिपक्ष ने शिमला से जारी बयान में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक ओर वे प्रधानों के अधिकारों की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर डिजास्टर एक्ट की आड़ में पंचायत चुनाव रोककर पंचायतों को प्रशासकों के हवाले कर दिया गया है। इससे ज़मीनी कामकाज ठप पड़ा है और गांव की सरकार कहे जाने वाले पंचायती राज तंत्र को हाशिये पर धकेल दिया गया है। ऐसी हालत में मनरेगा के काम कैसे चलेंगे और उन्हें कौन अमल में लाएगा, यह बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के नाम पर कांग्रेस सरकार की चिंता सिर्फ दिखावटी है।

आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने मनरेगा का बजट 33,000 करोड़ से बढ़ाकर 90,000 करोड़ तक पहुंचाया और मनमोहन सिंह सरकार की तुलना में कहीं अधिक कार्य दिवस सृजित किए। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में नई व्यवस्था 125 दिन के रोजगार की गारंटी के साथ वित्तीय अनुशासन और गुणवत्ता पर ज़ोर देती है, जहां योजनाएं डिसेंट्रलाइज्ड और लोकलाइज्ड होंगी और उनका निर्धारण ग्रामवासी करेंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस को महात्मा गांधी की याद सिर्फ राजनीति के वक्त आती है, जबकि हकीकत में उसने हमेशा परिवारवाद को ही प्राथमिकता दी है।

# मनरेगा पर वार बर्दाश्त नहीं : कांग्रेस

## पछाद कांग्रेस की सांकेतिक हड़ताल, मोदी सरकार पर अधिकार छीनने का आरोप

अनंत ज्ञान

**संजय राजन, सराहां।** महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर पछाद कांग्रेस ने 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत नया बस स्टैंड सराहा में एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का आयोजन किया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगू राम मुसाफिर के नेतृत्व में और पछाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार दयाल प्यारी की उपस्थिति में हुई। इस धरना में सैकड़ों ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

हड़ताल का मुख्य उद्देश्य मनरेगा योजना को बचाना और केंद्र की मोदी सरकार द्वारा इसमें किए गए बदलावों को वापस लेना था। हड़ताल स्थल पर उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि मनरेगा न केवल रोजगार का स्रोत है, बल्कि संविधान प्रदत्त काम करने के मौलिक अधिकार को सुनिश्चित करने वाला महत्वपूर्ण कदम है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगू राम मुसाफिर ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार मनरेगा को कमजोर करके गरीबों, किसानों और ग्रामीण मजदूरों के हक को छीन रही है। योजना में आधार कार्ड लिंकिंग, जीपीएस ट्रैकिंग और भुगतान में देरी जैसे बदलाव ग्रामीण अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचा रहे हैं।



सांकेतिक हड़ताल पर बैठे कांग्रेसी। अनंत ज्ञान

हमारी मांग है कि इन सभी परिवर्तनों को तुरंत वापस लिया जाए और काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली हो। कांग्रेस उम्मीदवार दयाल प्यारी ने कहा कि गांधी जी के सिद्धांतों पर चलते हुए हम अहिंसक संघर्ष कर रहे हैं। मनरेगा ने कोविड काल में लाखों परिवारों को भुखमरी से बचाया था, लेकिन अब इसे खत्म करने की साजिश चल रही है। पछाद के ग्रामीण भाइयों-बहनों का यह सांकेतिक विरोध पूरे हिमाचल और देशव्यापी आंदोलन का हिस्सा बनेगा।

हड़ताल में शामिल ग्रामीणों ने बैनर और पोस्टर के माध्यम से अपनी बात रखी। एक बुजुर्ग कार्यकर्ता ने बताया कि हमारे गांव में मनरेगा से सड़कें, तालाब और खेतों की मरम्मत होती है। इसे खत्म करने से हम बेरोजगार हो जाएंगे।

# आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 भारत की मजबूती का प्रमाण : सिकंदर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह सर्वेक्षण भारत की आर्थिक मजबूती, संरचनात्मक सुधारों और वैश्विक स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया भू-राजनीतिक तनाव, व्यापारिक विखंडन और वित्तीय अनिश्चितताओं से गुजर रही है, ऐसे समय में भारत लगातार चौथे वर्ष दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि 2026-27 में यह 6.8 से 7.2 प्रतिशत के बीच रह सकती है, जो दीर्घकालिक और टिकाऊ विकास की ओर मजबूत संकेत है। निजी उपभोग में 7 प्रतिशत की वृद्धि और निवेश में 7.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी से यह स्पष्ट होता है कि घरेलू मांग और पूंजी निर्माण दोनों ही मजबूत आधार पर खड़े हैं।

डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र आज ऐतिहासिक रूप से मजबूत स्थिति में है, जहां सकल एनपीए घटकर 2.2 प्रतिशत और शुद्ध एनपीए 0.5 प्रतिशत तक आ गया है, जबकि बैंक ऋण वृद्धि 14.5 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। इससे उद्योग, व्यापार और रोजगार सृजन को नई गति मिली है। सेवा क्षेत्र आज अर्थव्यवस्था का प्रमुख इंजन बन चुका है और सकल मूल्य वर्धन में इसका योगदान 56.4 प्रतिशत तक पहुंच गया है, वहीं विनिर्माण क्षेत्र में भी उल्लेखनीय तेजी दर्ज की गई है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के तहत बड़े पैमाने पर निवेश और लाखों रोजगार सृजित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों, हवाई अड्डों, रेलवे विद्युतीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा में हुए अभूतपूर्व विकास से भारत की आधारभूत संरचना मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 यह स्पष्ट करता है कि भारत तेज़ी से विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

# मनरेगा पर प्रहार के खिलाफ सड़कों पर उतरी सीपीआई (एम)

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 30 जनवरी से 5 फरवरी तक चल रहे मनरेगा बचाओ अभियान के तहत भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) राज्य कमेटी ने जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किए।



रिज मैदान पर धरने पर बैठे पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

शिमला में पार्टी कार्यकर्ताओं ने रिज मैदान पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया और देश की एकता-अखंडता, धर्मनिरपेक्षता, संप्रभुता, संघवाद, आपसी भाईचारे, सांप्रदायिक सौहार्द तथा संविधान की रक्षा की शपथ ली। इसके बाद रिज से स्कैंडल प्वॉइंट, शेर-ए-पंजाब, लोअर बाजार होते हुए मोमबत्ती जुलूस निकाला गया, जिसका समापन उपायुक्त राज्यों पर बढ़ेगा बोझ, गारंटी पर सवाल ने कहा कि संसद में पर्याप्त बहस के बिना विकसित भारत रोज़गार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 लागू कर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को समाप्त कर दिया गया। रखी गई है, जबकि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों पर 90:10 का प्रावधान होगा, जिससे वित्तीय दबाव बढ़ेगा।

अंत में नेताओं ने दोहराया कि मनरेगा को समाप्त कर ग्रामीण गरीबों के हक छीने जा रहे हैं और इसका लाभ अमीर तबकों को मिलेगा। पार्टी ने साफ कहा कि वह विकसित भारत रोज़गार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 का विरोध जारी रखेगी और देशभर में 5 फरवरी तक आंदोलन तेज किया जाएगा। अंत में यही संदेश दिया गया कि रोज़गार की गारंटी और ग्रामीण आजीविका की सुरक्षा के बिना 'विकसित भारत' का दावा अधूरा है।

**सियासत** जिन नामों पर अभियान में हुई चर्चा, उन पर गौर नहीं, अब जिला अध्यक्ष के सामने संगठन बचाने की चुनौती

# बिलासपुर में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की खुली पोल

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन को नए सिरे से खड़ा करने के उद्देश्य से चलाया गया संगठन सृजन अभियान बिलासपुर जिला में केवल कागजी प्रक्रिया बनकर रह गया। हैरानी की बात यह है कि संगठन सृजन अभियान जिलाध्यक्ष के चुनाव से पहले ही पूरा हो चुका था, लेकिन उस दौरान जिन नामों पर गंभीर चर्चा हुई, उन्हें बाद में पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। यही कारण है कि आज कांग्रेस न केवल संगठनात्मक संकट से जूझ रही है, बल्कि पार्टी के भीतर असंतोष खुलकर सामने आने लगा है।

सूत्रों के अनुसार, संगठन सृजन अभियान के दौरान पर्यवेक्षक की टीम ने जिला अध्यक्ष पद के लिए कई संभावित नामों पर मंथन किया था। अभियान का उद्देश्य ही यही था कि जमीनी कार्यकर्ताओं, युवाओं और अनुभवी नेताओं में संतुलन बनाकर एक मजबूत नेतृत्व उभारा जाए, लेकिन जब जिलाध्यक्ष चयन की बारी आई, तो अभियान में उभरे किसी भी नाम पर सहमति नहीं बन सकी।

## अंजना धीमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती

**अब** जबकि जिलाध्यक्ष का चुनाव हो चुका है, पार्टी के भीतर यह चर्चा तेज है कि मौजूदा हालात में अंजना धीमान के लिए सभी गुटों को साथ लेकर चलना टेढ़ी खीर साबित होने वाला है। पहले से ही बंटी जिला कांग्रेस को एकजुट करना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी।

अनंत ज्ञान खास खबर

परिणामस्वरूप आपसी रंजिश और गुटीय राजनीति हावी हो गई और अंततः पुरानी जिला अध्यक्ष अंजना धीमान को ही दोबारा जिम्मेदारी सौंप दी गई। यह फैसला कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की पूरी प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगा देता है। यदि पहले ही जिलाध्यक्ष का चुनाव तय रास्ते पर जाना था, तो फिर संगठन सृजन अभियान का औचित्य ही क्या था, यह सवाल अब पार्टी के भीतर उठने लगा है।

अंजना धीमान दो बार स्वयं चुनाव हार चुकी हैं और उनके नेतृत्व में बिलासपुर जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। इसके बावजूद उन्हें फिर से जिलाध्यक्ष बनाए जाने से आम जनता में यह संदेश गया है कि कांग्रेस में न तो हार की समीक्षा होती है और न ही संगठनात्मक जवाबदेही तय की जाती है। यही कारण है कि पार्टी की साख लगातार कमजोर होती जा रही है।

वर्तमान समय में जिले की जनता सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष जता रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि संगठन सृजन अभियान को गंभीरता से लागू किया जाता, तो कांग्रेस इस असंतोष को अपने पक्ष में मोड़ सकती थी, लेकिन संगठन सृजन भी आपसी राजनीति की भेंट चढ़ गया और एक-दूसरे को नीचा दिखाने के चक्कर में प्रस्तावित नामों पर चर्चा तक नहीं की गई।

जानकारी के अनुसार, संगठन सृजन अभियान के दौरान युवा नेता विकास ठाकुर का नाम सबसे प्रभावशाली रूप से सामने आया था। इसके अलावा पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, सेवा दल की सक्रिय नेता रीना पुंडीर, विवेक कुमार और जितेंद्र चंदेल के नाम भी संगठनात्मक क्षमता और जमीनी पकड़ के चलते चर्चा में थे। इन नामों को दरकिनार करना कार्यकर्ताओं के मनोबल पर सीधा प्रहार माना जा रहा है।

## बिलासपुर में कांग्रेस का संगठन कमजोर

**आगामी** पंचायत चुनावों में संगठन की भूमिका निर्णायक मानी जाती है, लेकिन जिस तरह संगठन सृजन अभियान को नजरअंदाज किया गया, उससे यह साफ संकेत मिल रहे हैं कि बिलासपुर में कांग्रेस के पास फिलहाल ऐसा कोई मजबूत संगठनात्मक ढांचा नहीं है, जिसका चुनावी लाभ पार्टी को मिल सके। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि कांग्रेस नेतृत्व ने समय रहते इस विफलता को नहीं समझा, तो इसका सीधा फायदा एक बार फिर भाजपा को मिलेगा।

# 'वीबी जी-राम-जी' मजदूर हित की नई सशक्त पहचान : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को जसवां-प्रागपुर विधानसभा क्षेत्र के जंडौर और चिंतपूर्णी में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए विकसित भारत, गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात जी-राम-जी को मोदी सरकार का दूरदर्शी और परिवर्तनकारी विजन बताया।


अनुराग ठाकुर को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि यह पहल मजदूर हित, ग्रामीण रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के विकास में कभी कोई कमी नहीं रखी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि केंद्र सरकार की ओर से बड़े प्रोजेक्ट हिमाचल को न मिलें, तो राज्य में विकास की गति रुक जाती है। सड़क, रेल, पुल और आधारभूत ढांचे से जुड़े हर महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को मोदी सरकार ने हिमाचल के हित में समयबद्ध स्वीकृति दी है।

उन्होंने बताया कि वर्ष की शुरुआत में ही प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत लगभग 2000 करोड़ रुपए की सड़कों को मंजूरी दी गई है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए पीएमजीएसवाई-चार के बैच-एक के तहत 83.82 करोड़ रुपए की लागत से 17 सड़क कार्यों की स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल लंबाई 53.71 किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, तब देहरा-जसवां प्रागपुर क्षेत्र में विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई। अनुराग ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा में व्यापक सुधार करते हुए उसे विकसित भारत जी-राम-जी परियोजना के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी अभियान चलाकर इस नए कानून के लाभ आम लोगों तक पहुंचाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व यूपीए सरकार के समय मनरेगा का अधिकतम बजट 33 हजार करोड़ रुपए रहा, जबकि भाजपा सरकार ने एक ही वर्ष में मनरेगा के लिए 1.11 लाख करोड़ रुपए का बजट दिया।




# मनरेगा बचाने को कांग्रेस का हल्लाबोल

## शिमला से जन आंदोलन का आगाज, श्रमिकों के अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरेगी कांग्रेस


प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार जिला अध्यक्षों को संबोधित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस की एक अहम बैठक हुई, जिसमें मनरेगा के वजूद को बचाने और केंद्र की नीतियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का एलान किया गया। प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल और उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने साफ किया कि कांग्रेस ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल ने जिला व ब्लॉक समन्वयकों को 'मनरेगा बचाओ अभियान' में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए जी राम जी अधिनियम से जो श्रमिक प्रभावित होंगे, उन्हें इस आंदोलन से सीधे जोड़ा जाए। पाटिल ने जोर दिया कि यह लड़ाई उन बेरोजगारों और पंचायतों के लिए है जिनके अधिकारों को छीना जा रहा है। वह जल्द ही खुद जिलों का दौरा कर अभियान की समीक्षा करेंगी।

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बैठक में आंकड़े रखते हुए कहा कि मनरेगा के नियमों में बदलाव से हिमाचल प्रदेश को हर साल 800 से 900 करोड़ रुपए का भारी आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि वे गांधीवादी विचारधारा को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं, जो नामुमकिन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस अभियान को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक 'जन आंदोलन' बनाने का आह्वान किया।

### जी राम जी अधिनियम की खामियों से जनता को करेंगे जागरूक

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रहकर काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हर गांव और हर पंचायत में जाकर लोगों को यह बताना होगा कि नया अधिनियम उनके लिए कितना नुकसानदेह है। ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने भी दोहराया कि लोगों को 'जी राम जी' कानून की कमियों के बारे में जागरूक करना इस समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

### संगठन की मजबूती और एकजुटता पर जोर

**मुकेश** अग्निहोत्री ने प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार की सक्रियता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मैदान में उतरने से कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा है। बैठक में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील बिट्टू, सह-प्रभारी चेतन चौहान, विदित चौधरी, विधायक अनुराधा राणा, हरदीप सिंह बावा और चंद्र शेखर समेत कई दिग्गज मौजूद रहे। सभी जिला व ब्लॉक संयोजकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रगति रिपोर्ट साझा की और आगामी रणनीति पर मुहर लगाई।

# शिक्षा बोर्ड ने तैयार की आधुनिक पाठ्य-पुस्तकें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बोर्ड की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विद्यार्थियों को इस बार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पूरी तरह से पुनर्गठित और आधुनिक पाठ्यक्रम पढ़ने को मिलेगा। बोर्ड ने नई पुस्तकों की छपाई और समयबद्ध आपूर्ति के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।



**अंतिम चरण में छपाई, समय पर मिलेगी डिलीवरी:** पुस्तकों की उपलब्धता पर अपडेट देते हुए अध्यक्ष ने कहा कि शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन सत्र वाले स्कूलों की अधिकांश कक्षाओं के लिए पुस्तकों की छपाई लगभग पूरी हो चुकी है। शेष कार्य भी अब अपने अंतिम चरण में है। बोर्ड यह सुनिश्चित कर रहा है कि

### ◆ सत्र शुरू होने से पहले सरकारी व निजी स्कूलों में पहुंचेंगी किताबें

सरकार द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार सभी सरकारी और संबद्ध निजी विद्यालयों तक पुस्तकें समय पर पहुंचा दी जाएं, ताकि शैक्षणिक सत्र के पहले दिन से ही पढ़ाई बिना किसी बाधा के शुरू हो सके।

**विशेषज्ञों की देखरेख में तैयार हुआ कंटेंट:** इस बार पाठ्यक्रम की गुणवत्ता और भाषा की सरलता पर विशेष ध्यान दिया गया है। डॉ. शर्मा के अनुसार, पुस्तकों के निर्माण में विषय-विशेषज्ञों, अनुभवी शिक्षकों और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के महत्वपूर्ण सुझावों को शामिल किया गया है। इससे न केवल विषय-वस्तु अपडेट हुई है, बल्कि भाषा को भी इतना सरल रखा गया है कि छात्र स्वयं भी उसे आसानी से समझ सकें।

### रट्टा पद्धति का अंत, व्यावहारिक ज्ञान की शुरुआत

**डॉ.** राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि नई पाठ्य-पुस्तकों का निर्माण केवल सूचना देने के लिए नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में वैचारिक समझ और नैतिक मूल्यों को विकसित करने के लिए किया गया है। इन पुस्तकों को इस तरह तैयार किया गया है जिससे बच्चों में कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिले। बोर्ड का लक्ष्य छात्रों को केवल परीक्षा के लिए तैयार करना नहीं, बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाना है।

## न्यूज ब्रीफ

### सतौन में 4.18 ग्राम स्मैक समेत व्यक्ति दबोचा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस थाना पुरुवाला क्षेत्र में एसआईयू टीम ने चिट्टा/स्मैक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जिला सिरमौर की एसआईयू टीम गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि सतौन क्षेत्र में एक व्यक्ति मादक पदार्थ लेकर वाहन में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सतौन में आरोपी दिनेश कुमार पुत्र खजान सिंह निवासी गांव सतौन, जिला सिरमौर की गाड़ी नंबर एचपी17जे-0667 को चेक किया तो उसमें 4.18 ग्राम चिट्टा/स्मैक पाया गया। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस थाना पुरुवाला में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 व 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

### आर्थिक मोर्चे पर पिछड़ा हिमाचल प्रदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हाल ही में जारी आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट ने हिमाचल प्रदेश की वित्तीय सेहत की चिंताजनक तस्वीर पेश की है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश कई विकास सूचकांकों में पिछड़ता दिख रहा है। जानकारी के अनुसार विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी के मौजूदा ढांचे के कारण हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य को अपेक्षित राजस्व नहीं मिल पा रहा है, जिसका सीधा असर बुनियादी ढांचे और जनकल्याणकारी योजनाओं पर पड़ रहा है। सरकार अब इस आर्थिक संकट से उबरने के लिए आगामी बजट को लेकर गंभीर है। मुख्यमंत्री ने बजट के लिए सीधे जनता से सुझाव मांगे हैं, ताकि आम आदमी की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर वित्तीय योजना तैयार की जा सके। यह कदम पारदर्शी शासन की दिशा में देखा जा रहा है, लेकिन राजकोषीय घाटे को कम करना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

### पुलिस ने उद्घोषित अपराधी बनखंडी में दबोचा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हमीरपुर पुलिस स्टेशन सेल द्वारा उद्घोषित अपराधी को जिला कांगड़ा के बांखंडी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी 48 वर्षीय रघुबीर सिंह, पुत्र हुकम चंद, निवासी बनखंडी, तहसील हरिपुर, जिला कांगड़ा को माननीय एसीजेएम नादौन द्वारा धारा 138 एनआई एक्ट के तहत एक मामले में उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी हमीरपुर बलवीर सिंह ठाकुर ने बताया कि माननीय एसीजेएम नादौन द्वारा उद्घोषित अपराधी को हमीरपुर पुलिस स्टेशन सैल ने गिरफ्तार करके आगामी कार्रवाई के लिए नादौन पुलिस को सौंप दिया है। नादौन पुलिस द्वारा उसे माननीय अदालत में पेश किया जाएगा।

# कार से 690 ग्राम चरस बरामद चंडीगढ़ के दो आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत हरा बाग क्षेत्र में यातायात चैकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी जब एक सिल्वर रंग की कार नंबर पीबी-65डी2415 को रोककर तलाशी ली गई, इस दौरान कार में सवार दो व्यक्तियों के कब्जे से 690 ग्राम चरस बरामद की गई।

पुलिस ने मौके पर ही दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। आरोपियों की पहचान निखिल वर्मा (32 वर्ष), निवासी सेक्टर-22, चंडीगढ़ तथा तरनदीप सिंह ओबेरोई (34 वर्ष), निवासी सैक्टर-22ए, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि प्रकरण में आगामी जांच जारी है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने की है।


पुलिस टीम के साथ आरोपी। अनंत ज्ञान

# आरएलए घोटाला: फरार आरोपी को निलंबित करने की सिफारिश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरएलए) में सामने आए बड़े वाहन फर्जी पंजीकरण और सत्यापन घोटाले में गुरुवार, 30 जनवरी 2026 को एक नया और चौंकाने वाला मोड़ आ गया। फरार मुख्य आरोपी के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए जिला प्रशासन ने उसे निलंबित करने की सिफारिश राज्य सरकार को भेज दी है। इसी बीच जांच में यह खुलासा हुआ है कि आरएलए के ऑनलाइन पोर्टल को बीएस-4 से बीएस-6 मानकों में अपग्रेड किए जाने के दौरान सैकड़ों वाहनों की प्रविष्टि अवैध रूप से 'बैकएंड' के जरिए की गई थी।

सूत्रों के अनुसार, पोर्टल अपग्रेडेशन के दौरान तकनीकी ऑडिट में यह सामने आया कि बड़ी संख्या में वाहनों का डेटा नियमों को दरकिनार कर सीधे सिस्टम में डाला गया। इस बैकएंड एंट्री ने पूरे मामले को डिजिटल हैकिंग और साइबर धोखाधड़ी के गंभीर शक के दायरे में ला खड़ा किया है। जांच एजेंसियों का मानना है कि बिना अंदरूनी तकनीकी पहुंच के इस तरह की एंट्री संभव नहीं थी।

### ◆ बीएस-4 से बीएस-6 अपग्रेड में सैकड़ों वाहनों की बैकएंड एंट्री का खुलासा

फरार वरिष्ठ सहायक गौरव पर शिकंजा

मामले का मुख्य संदिग्ध वरिष्ठ सहायक गौरव जांच शुरू होने के बाद से ही फरार है। अधिकारियों के अनुसार, उसे पहले नोटिस जारी किया गया और अब जिला प्रशासन ने उसके निलंबन के लिए राज्य सरकार को औपचारिक रूप से लिख दिया है। चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई है कि करीब तीन साल पहले गौरव के खिलाफ शिकायतें मिली थीं और एक आंतरिक जांच भी हुई थी, लेकिन उसकी रिपोर्ट अस्पष्ट बताकर मामला दबा दिया गया। मौजूदा जांच में अब उस पुरानी प्रशासनिक लापरवाही की भी पड़ताल हो रही है।

### जांच का दायरा राज्यभर में फैला

**हिमाचल** प्रदेश परिवहन प्राधिकरण ने बिलासपुर आरएलए से पिछले दो वर्षों में किए गए सभी सेकंड-हैंड वाहन पंजीकरण का पूरा रिकॉर्ड तलब कर लिया है। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि कहीं यह अवैध गतिविधि प्रदेश के अन्य जिलों में भी तो नहीं फैली।
इसी कड़ी में सोलन जिले से भी एक नया मामला सामने आया है, जहां आरएलए के एक क्लर्क की लॉगिन आईडी का दुरुपयोग कर व्यावसायिक वाहनों का फर्जी सत्यापन किया गया। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर संगठित गिरोह की भूमिका की जांच शुरू कर दी है।

# यूपी के ट्रक पंजीकृत मामले में जांच की सुई आरएलए कार्यालय के डीलिंग क्लर्क पर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, सोलन।** उत्तर प्रदेश में खरीदे गए तीन ट्रकों को सोलन में अनाधिकृत तरके से पंजीकृत कर बिलासपुर के झंडूता ट्रांसफर करने के मामले में जांच की सुई पंजीकरण एवं लाइसेंसिंग प्राधिकरण (आरएलए) के डीलिंग क्लर्क की तरफ घूमती नजर आ रही है। हालांकि बतौर हेड क्लर्क ने एसडीएम के समक्ष अपना पक्ष रखा है। जिसमें बताया गया है कि उसने नवंबर 2025 में ऑफिस में जोइनिंग दी थी। उन्हें चार्ज 15 दिन बाद मिला। इसी बीच यूपी के वाहनों का पंजीकरण हुआ, जबकि जांच में पाया गया है कि उक्त क्लर्क की आईडी से ही ट्रकों का पंजीकरण हुआ है।

बताया यह भी जा रहा है कि संदेह के घेरे में आए क्लर्क के नाम की आईडी दूसरी जगह भी लॉगइन हुई है। ऐसे में जांच के घेरे में कार्यालय के अन्य कर्मचारी भी है। लिहाजा मामला पुलिस के पास जाने से हर पहलु की जांच की जा रही है। वहीं बिलासपुर से भी झंडूता ट्रांसफर किए गए ट्रकों के पंजीकरण का रिकॉर्ड भी मांगा गया है। फिलहाल मामला उजागर होने से जांच तेज हो गई है जबकि इसको लेकर कोई भी अधिकारी खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।

बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने कहा कि आरएलए की शिकायत पर जांच में पाया गया कि यह ट्रक यूपी के हैं, जबकि सोलन के एड्रेस पर पंजीकृत हुए हैं, जांच जारी है।

### ◆ क्लर्क के नाम की आईडी दूसरी जगह लॉगइन होने का भी अंदेशा

ज्ञात रहे कि पंजीकरण एवं लाइसेंसिंग प्राधिकरण में फर्जी तरके से यूपी के तीन ट्राले एमवीआई के निरीक्षण के बिना कर सोलन शामती के पते पर पंजीकृत है और बिलासपुर के झंडूता में दुलाई को लगा दिए हैं। इतना ही नहीं इन ट्रकों में वजन उठाने की तय क्षमता को भी बढ़ाकर दिखाया गया, द्वजिससे वह जिस भी फर्म या कंपनी में लगें, उन्हें अधिक वजन में लिया जाए। पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब इन ट्रकों की फिजिकल वेरिफिकेशन एमवीआई से नहीं पाई गई।

हालांकि ट्रक किस कंपनी का क्या सामान ढो रहे हैं, इसका पता करने के लिए झंडूता प्रशासन को पत्र लिखा गया है। पूरे प्रकरण में अब आरएलए सोलन के क्लर्क की कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में आ गई है। जांच में यह भी पाया गया है कि क्लर्क के नाम पर दो आईडी चल रहीं थीं।

वहीं, एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बंसल ने उक्त क्लर्क को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर जवाब मांगा है।

# 'बॉर्डर 2' की भारी सफलता के बीच मां प्रकाश कौर को लेकर दशाल पहुंचे सनी देओल

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल/ मनाली।** बॉक्स ऑफिस पर 'बॉर्डर 2' की ऐतिहासिक सफलता के बाद बॉलीवुड सुपरस्टार सनी देओल इन दिनों कुल्लू जिले के अपने गांव दशाल में समय बिता रहे हैं, लेकिन इस बार यह यात्रा उनकी पिछली यात्राओं से कहीं अधिक खास और भावुक है। फिल्म की अपार सफलता के शोर और करोड़ों के कलेक्शन के बीच, सनी देओल अपनी माता जी, प्रकाश कौर को सुकून के पल बिताने के लिए दशाल की बर्फीली वादियों में लेकर आए हैं।


बॉलीवुड स्टार सन्नी देओल।

यूं तो सनी देओल जहां भी जाते हैं, कैमरे और प्रशंसकों की भीड़ उनका पीछा नहीं छोड़ती, लेकिन इस बार उनकी मां उनके साथ होते हुए भी किसी कैमरे की नजर में नहीं आईं। प्रकाश कौर हमेशा से ही लाइमलाइट और मीडिया से दूर रहना पसंद करती रही हैं। सनी देओल ने भी अपनी मां की इस निजता का पूरा सम्मान किया है। मां भले ही स्क्रीन या कैमरों के सामने न दिखी हों, लेकिन दशाल के घर में सनी की पूरी दुनिया अपनी मां के इर्द-गिर्द ही सिमटी हुई है।

### पिता धर्मेंद्र के बिना मां की फिक्र

**पिता** धर्मेंद्र के निधन के बाद सनी देओल अपनी मां के प्रति और भी अधिक संवेदनशील और समर्पित हो गए हैं। पिता के चले जाने के बाद मां के जीवन में जो अकेलापन आया है, उसे कम करने के लिए सनी हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। 'बॉर्डर-2' जैसी बड़ी फिल्म के प्रमोशन और रिकॉर्ड तोड़ कमाई की भारी व्यस्तता के बावजूद, उन्होंने समय निकाला ताकि वे अपनी माँ को पहाड़ों की शुद्ध हवा और शांति के बीच ले जा सकें। एक सुपरस्टार के पीछे छिपा यह जिम्मेदार बेटा आज अपनी मां की फिक्र और सेवा को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मान रहा है।

### दशाल की वादियों में फिर गूंजी वो 'दहाड़'

**दशाल** में प्रवास के दौरान सनी देओल ने अपने उसी पुराने अंदाज में प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाया, जिसने 1997 की 'बॉर्डर' से लेकर आज तक करोड़ों दिलों को जीता है। उन्होंने अपनी मशहूर दहाड़ लगाते हुए कहा– 'आवाज बॉर्डर तक जाए, दुश्मन कांपे' यह दहाड़ उन जवानों के जज्बे को सलाम है, जिनसे प्रेरित होकर निर्देशक अनुराग सिंह ने यह फिल्म बनाई है। 'बॉर्डर 2' ने महज 5 दिनों में 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर यह साबित कर दिया है कि सनी का जादू आज भी बरकरार है।

सनी देओल ने सोशल मीडिया पर फिल्म की सफलता का श्रेय प्रशंसकों को दिया है, लेकिन दशाल से आने वाली ये खबरें बताती हैं कि उनके लिए असली सुकून उनकी मां की मुस्कुराहट में है। प्रशंसकों के लिए सनी एक 'एक्शन हीरो' हो सकते हैं, लेकिन अपनी माँ प्रकाश कौर के लिए वह आज भी वही बेटे हैं, जो अपनी हर बड़ी जीत की खुशी अपनी मां के चरणों में समर्पित करना चाहते हैं।

# गोहर में पीलिया से युवक की मौत, लोग दहशत में

अनंत ज्ञान

**सुनील शर्मा, गोहर।** गोहर उपमंडल में फैल रहा पीलिया अब जानलेवा रूप लेता नजर आ रहा है। पीलिया से पीड़ित बासा पंचायत के दाड़ी क्षेत्र के गांव लेओटी निवासी 28 वर्षीय बीटेक युवक उदित शर्मा की पीजीआई चंडीगढ़ में उपचार के दौरान मौत हो जाने से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

पीलिया से हुई इस पहली मौत ने स्वास्थ्य व्यवस्था और स्वच्छता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उदित शर्मा पढ़ाई में मेधावी, शांत स्वभाव का युवक था और घर पर रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। परिवार को उससे बड़े सपने थे, लेकिन बीमारी ने सब कुछ छीन लिया। बेटे की मौत से माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, गांव में हर आंख नम है। जानकारी के अनुसार उदित की 29 वर्षीय बहन जिज्ञासा पहले पीलिया की चपेट में आई थी, जो उपचार के बाद स्वस्थ हो गई, लेकिन कुछ ही दिनों बाद उसके भाई उदित को भी पीलिया हो गया। हालत बिगड़ने पर पहले गोहर सिविल अस्पताल, फिर एम्स बिलासपुर और अंततः पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, जहां तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

जनवरी 2026 से अब तक गोहर सिविल अस्पताल में पीलिया के दर्जनों मामले सामने आ चुके हैं। रोजाना 4 से 5 नए मरीज पहुंच रहे हैं। चैलचौक, गणई, कुठेहड़, नौण, चच्योट, गोहर, बस्सी, स्यांज और आसपास के क्षेत्रों में पीलिया संक्रमण तेजी से फैल रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने उबला पानी पीने और स्वच्छता बरतने की अपील की है, लेकिन एक होनहार युवक की मौत ने पूरे गोहर को झकझोर कर रख दिया है। अब लोगों की मांग है कि प्रशासन ठोस कदम उठाए, ताकि कोई और परिवार इस तरह उजड़ने से बच सके।

## भविष्यवाणी | बागवानों की उम्मीदों को लगे पंख, प्रकृति के कोप से बचने की सलाह

# देववाणी के उद्घोष से हिमशिखरों पर उतरा खुशहाली का आशीर्वाद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** देवभूमि के आंगन में कल जब ढोल-नगाड़ों की थाप गूंजी और नफीरी की तान ने फिजाओं को छुआ, तो देव वाणी ने एक दिव्य आश्वासन दिया। स्वर्ग प्रवास से लौटे देवताओं ने देव-चौपालों में जो भविष्यवाणियां की हैं, वे आज पूरे प्रदेश में चर्चा और हर्ष का विषय बनी हुई हैं। यह केवल आस्था नहीं, बल्कि हिमाचल की कृषि व जीवन के आगामी कलेवर का एक आध्यात्मिक ब्लूप्रिंट (खाका) है।

जानकारी के अनुसार देवताओं के गुर के माध्यम से जो देववाणी हुई है, उसने सेब के बागवानों और किसानों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी है। भविष्यवाणी के अनुसार, इस वर्ष आसमान से बरसने वाली सफेद चांदी यानी कि बर्फबारी और समय पर होने वाली वर्षा मिट्टी की प्यास बुझाएगी। विशेषकर ऊपरी शिमला और कुल्लू की सेब बेल्ट के लिए मौसम के अनुकूल रहने के संकेत दिए गए हैं। यह भविष्यवाणी ऐसे समय में आई है जब बागवान माकूल चिलिंग ऑवर और नमी को लेकर चिंतित है

### ◆ प्रकृति के साथ खिलवाड़ न करने की दी चेतावनी

### ◆ श्वेत चादर और सुनहरी फसल का दिया आशीर्वाद दौड़ पर रहेगा देव-अंकुश

आध्यात्मिक गंभीरता के साथ देवताओं ने समाज को चेताया भी है। वाणी में स्पष्ट संकेत हैं कि यदि प्रकृति के साथ मनुष्य का खिलवाड़ नहीं रुका, तो मध्य वर्ष में पर्वतों का क्रोध भूस्खलन और अतिवृष्टि के रूप में सामने आ सकता है। यह चेतावनी विकास और विनाश के बीच संतुलन बनाने का एक दैवीय निर्देश है, जिसमें गांवों को एकजुट होकर यज्ञ और शांति पाठ के जरिए प्रकृति का आभार जताने को कहा गया है।

### सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सामाजिक समरसता का संदेश

**देववाणी** का एक महत्वपूर्ण पक्ष सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करना भी रहा। देवताओं ने युवाओं को अपनी जड़ों की ओर लौटने और आधुनिकता की चकाचौंध में अपनी कुल-रीति को न भूलने का आशीर्वाद दिया है। यह संदेश दिया गया है कि समाज की शक्ति उसकी एकता और अपनी विरासत के सम्मान में निहित है।

### देवताओं की वापसी से थमा अशौच काल

**माघ** के इस महीने में जब देवता इंद्र सभा में व्यस्त थे, तब देवभूमि में मांगलिक कार्यों पर एक मौन विराम लगा था। अब, उनके लौटने के साथ ही घाटियों में शहनाइयां गूंजने को तैयार हैं। मंदिरों के कपाट खुलते ही शादियों, यज्ञों और नए निर्माणों का दौर शुरू हो गया है, जिससे पूरे प्रदेश में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है।

# पंचायतों में प्रधानों की शक्तियों पर कड़े फैसले की तैयारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतों के प्रधानों की शक्तियों और कार्यप्रणाली को लेकर सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस फैसले का सीधा असर ग्रामीण विकास की योजनाओं और प्रधानों के प्रशासनिक नियंत्रण पर पड़ेगा। हालांकि, इस बीच मतदाता सूची को अपडेट करने की प्रक्रिया में कुछ तकनीकी और कानूनी अड़चनें सामने आ रही हैं, जिससे आने वाले स्थानीय चुनावों की तैयारियों पर सवालिया निशान लग गया है।

### वोटर लिस्ट का पेंच फंसा, अधिकारों की नई व्याख्या

प्रशासनिक स्तर पर वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने और काटने की प्रक्रिया में जो पेंच फंसा है, उसके कारण कई पात्र मतदाता सूची से बाहर हो सकते हैं। सरकार अब इन विसंगतियों को दूर करने के लिए निर्वाचन विभाग के साथ मिलकर नया ब्लूप्रिंट तैयार कर रही है, ताकि प्रधानों के अधिकारों और जनता के वोटिंग राइट्स के बीच एक स्पष्ट संतुलन बनाया जा सके।

# प्रदेश के 86 कनिष्ठ सहायक बने वरिष्ठ सहायक

## स्कूल निदेशालय ने जारी की सूची, गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ की मेहनत लाई रंग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** शिक्षा विभाग में कार्यरत 86 कनिष्ठ सहायकों को नए साल का तोहफा मिला है। स्कूल शिक्षा निदेशालय ने पदोन्नति सूची जारी कर कनिष्ठ सहायकों को वरिष्ठ सहायकों के पदों पर तैनाती प्रदान की है।

हिमाचल प्रदेश गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ ने पदोन्नति सूची जारी करने पर प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ एवं गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर का आभार जताया है। गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के महासचिव मनीश गुलेरिया ने पदोन्नत हुए कनिष्ठ सहायकों को बधाई देते हुए कहा कि महासंघ गैर शिक्षक कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है, जिसकी बदौलत कर्मचारियों की समय-समय पर पदोन्नति सूची जारी करने सहित अन्य समस्याओं का समाधान करवाया जा रहा है, जिसके लिए महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर बधाई के पात्र है।

उन्होंने कहा कि बीते 12 जनवरी को गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ की राज्य स्तरीय बैठक मंडी जिला के करसोग में अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ एवं गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई थी, जिसमें उन्होंने कर्मचारियों को जल्द पदोन्नति सूची जारी करने का भरोसा दिलाया था, जिसके चलते आज प्रदेश के 86 कनिष्ठ सहायकों को पदोन्नति का तोहफा मिला है। उन्होंने कहा कि त्रिलोक ठाकुर की अगुवाई में महासंघ उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को प्रदेश सरकार के समक्ष न सिर्फ प्रभावी ढंग से रख रहे हैं बल्कि मांगों को मनवा कर अमलीजामा भी पहना रहे हैं।

### प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर की अगुवाई में कनिष्ठ सहायकों को मिला नए साल का तोहफा: गुलेरिया



मनीश गुलेरिया ने कहा कि त्रिलोक ठाकुर ने व्यक्तिगत फायदे को ठुकरा कर कर्मचारियों की सेवा करने को अहमियत दी है, जिसका आज प्रदेशभर के विभिन्न वर्ग के हजारों कर्मचारियों को फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा त्रिलोक ठाकुर की कर्मचारियों के प्रति कर्तव्यनिष्ठा व मेहनत के चलते प्रदेश के 130 सीबीएसई स्कूलों में अधीक्षक ग्रेड-1 (अराजपत्रित) के पद पदोन्नति से भरे जाएंगे, जिससे गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग में पदोन्नति के अवसरों में पहले से कई गुणा बढ़ोतरी होगी।

# बरवाला पंचायत को मिली सामुदायिक भवन की सौगात




*अनंत ज्ञान ब्यूरो, राजेश कुमार, धर्मशाला। पंचायत चुनावों को लेकर अनंत ज्ञान समाचार पत्र की ओर से पंचायतनामा सीरीज शुरू की गई है, जिसके तहत धर्मशाला विकास खंड की बरवाला पंचायत का दौरा कर लोगों से बातचीत करके समस्याओं व पंचायत द्वारा करवाए गए विकास कार्यों बारे जानने का प्रयास किया गया। लोगों का कहना था कि पंचायत में सामुदायिक भवन की बेहद जरूरत थी, जिसका निर्माण किया गया है। बरसात के चलते जिन घरों को खतरा उत्पन्न हो गया था, उन घरों की सुरक्षा के लिए डंगों का निर्माण किया गया है। साथ ही कुछ लोगों के घरों में शौचालयों का निर्माण पंचायत की ओर से करवाया गया। वहीं गौशाला ढहने उपरांत पुन: निर्माण के लिए भी पंचायत की ओर से लोगों को सहयोग किया गया। यही नहीं ग्रामीणों का कहना था कि वर्तमान पंचायत के कार्यकाल में अच्छे कार्य हुए हैं तथा आगामी चुनावों में जो प्रतिनिधि चुनकर आएंगे, उनसे भी यही आग्रह रहेगा कि रुके विकास कार्यों को गति प्रदान करें तथा लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्परता से कार्य करें, जिससे कि बरवाला पंचायत, धर्मशाला ब्लॉक में एक मिसाल बन सके।*

## बरसात से खतरे में था मकान पंचायत ने लगवाया डंगा: हरि



**पंचायत** निवासी हरि चंद ने कहा कि उनका परिवार आईआरडीपी में है। मेरे घर को बरसात के चलते खतरा पैदा हो गया, जिस पर पंचायत के माध्यम से घर की सुरक्षा के लिए डंगे का निर्माण किया गया है। साथ ही मेरे घर में शौचालय सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। पंचायत में अच्छे विकास कार्य हो रहे हैं। आगामी चुनावों में जो पंचायत प्रतिनिधि चुनकर आएं, वे भी काम करने वाले हों तथा पंचायत के विकास को और गति मिले।

## चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी: पंचायत सचिव



**पंचायत** सचिव करुण कुमार ने कहा कि बरवाला पंचायत में विकास कार्य अच्छी गति से चल रहे हैं। एसडीआरएफ, जनरल हेड और 15वें वित्त आयोग के कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। पंचायत चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि उम्मीद थी कि चुनाव दिसंबर में हो जाएंगे, उसी अनुरूप तैयारियां की गई थी, लेकिन अब अप्रैल तक चुनाव होने हैं, उसको लेकर काफी तैयारियां हो चुकी हैं तथा आगामी जो भी दिशानिर्देश होंगे, उसी अनुरूप कार्य किए जाएंगे। पंचायत में सामूहिक कार्यक्रमों के लिए लंबे समय से सामुदायिक भवन की जरूरत महसूस की जा रही थी, जिसका अब निर्माण करवा दिया गया है। पंचायत में कई रास्तों व डंगों का भी निर्माण किया गया है।




## जनता ने मौका दिया, हमने खरा उतरने का किया प्रयास: उपप्रधान



**पंचायत** उपप्रधान रविंद्र कुमार ने कहा कि जब हम चुनकर आए थे, उस समय काफी समस्याएं थी। ग्रामीणों से जो वादे किए गए थे, उन्हें पूरा करने का प्रयास किया गया है। कई जगह, लोगों की जमीनों को जाने के रास्ते नहीं थे, जहां निर्माण करवाए गए हैं। दो साल का कार्यकाल कोरोना की वजह से खराब हुआ, जिसके चलते कुछ कार्य अधूरे रह गए हैं। पंचायत चुनाव में चुनकर आने वाले प्रतिनिधियों से यही आग्रह रहेगा कि पंचायत के विकास को और गति प्रदान करें। जनता ने मौका दिया था, हमने जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास करवाया है।

## पंचायत ने करवाए कूहलों के कार्य: दुलो राम



**पंचायत** के रहने वाले दुलो राम ने कहा कि पंचायत के माध्यम से कूहलों के कार्य किए गए हैं, जिससे लोगों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध हुई है। बरसात से मेरी गौशाला ढह गई थी, जिसका निर्माण पंचायत के माध्यम से करवाया गया है। साथ ही मनरेगा के तहत पौधारोपण करवाया गया है। आगामी पंचायत चुनावों में जो भी प्रतिनिधि चुनकर आएं, वे पंचायत के विकास को गति प्रदान करने वाले होने चाहिए।

## विकास के साथ रोजगार भी मिला: कृष्णा देवी



**पंचायत** निवासी कृष्णा देवी ने कहा कि पंचायत में काफी विकास कार्य हुए हैं। मेरे घर को खतरा बना हुआ था, जहां पंचायत के माध्यम से डंगा लगाया गया है। पंचायत में डंगों का निर्माण हुआ, कूहलों के कार्य किए। साथ ही मुझे भी रोजगार मिला। पंचायत प्रतिनिधि ऐसा चुनकर आए तो विकास को गति दे और ग्रामीणों को रोजगार देने के साथ लोगों की दुख-तकलीफ पर भी ध्यान दे।

## सालगिरह मुबारक



बनेहड़ के प्यार चंद सकलानी व कृष्णा सकलानी को सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन निरंतर देता प्रेरणा : आरएस बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन निरंतर प्रेरणा देता है । यह उद्गार हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने समलोटी में शहीदी दिवस कार्यक्रम के दौरान कहे। इस मौके पर उनके साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया। बाली ने अपने संबोधन के दौरान कहा राष्ट्रपिता का पूरा जीवन देश के जन-जन के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरे देश के लोगों को एकजुट किया और एक लंबे संघर्ष के बाद देश को आजादी दिलाई। उन्होंने कहा राष्ट्रपति महात्मा गांधी के जीवन से हम सभी को निरंतर प्रेरणा लेनी चहिए हमें उनके द्वारा बताये गए सिद्धांतों पर चलना चहिए। कार्यक्रम में उन्होंने मनरेगा के रूप को बदलने की निंदा करते हुए कहा यह निर्णय गांवों की आर्थिक दशा को कमजोर करने का निर्णय है जिसे पूर्व रूप में लाने के लिए हम निरंतर संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा मनरेगा एक ऐसी योजना थी जिससे गांव की महिलाएं अधिक सुदृढ़ हुई। उन्होंने कहा इस निर्णय से गांव की आर्थिक दशा खराब होगी। गांव और गरीब इससे अधिक पीड़ित होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### मनरेगा के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर धर्मशाला ब्लॉक कांग्रेस की ओर से गांधी वाटिका में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के नाम और स्वरूप में किए गए संशोधनों के खिलाफ विरोध जताया गया। कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने कहा कि मनरेगा का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को रोजगार देना और ग्रामीण आर्थिकी को सुदृढ़ करना था। नए संशोधनों में ग्रामसभा और पंचायत प्रधानों की शक्तियों में कटौती की गई है और कार्य ठेकेदारों के अधीन कराने का प्रावधान किया गया है, जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के उपरांत एसडीएम धर्मशाला के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मनरेगा के नाम और स्वरूप में हस्तक्षेप न करने की मांग की गई।

### मनरेगा बदलाव के खिलाफ फतेहपुर में धरना

**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** मनरेगा के नाम और स्वरूप में किए गए बदलाव को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध तेज कर दिया है। इसी क्रम में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गांधीवादी तरीके से सांकेतिक धरना दिया और एसडीएम फतेहपुर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। धरना स्थल पर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीत राम शर्मा ने कहा कि मनरेगा गरीब और ग्रामीणों की जीवनरेखा है और इसके नाम व स्वरूप में बदलाव योजना की मूल भावना से खिलवाड़ है। पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पधेडिया ने कहा कि मनरेगा करोड़ों ग्रामीण परिवारों की आजीविका से जुड़ी योजना है। यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेस मनरेगा के नाम पर कर रही गुमराह: राणु

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राजेश राणु ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण भारत के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि यह मिशन गांवों को आत्मनिर्भर बनाने, स्थायी रोजगार सृजन करने और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राजेश राणु ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा के नाम पर लोगों को गुमराह कर केंद्र सरकार के खिलाफ भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की योजनाएं अब केवल अस्थायी सहायता तक सीमित न रहकर स्थायी आय और आत्मनिर्भरता पर केंद्रित हैं। यह मिशन उसी सोच का सशक्त उदाहरण है।

### राकेश को मिलेगा इंडियन एक्सीलेंस अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** हिमाचल प्रदेश में वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाने वाले राकेश वालिया को इंडियन एक्सीलेंस अवॉर्ड-2026 से सम्मानित किया जाएगा। वर्तमान में वे अटल बिहारी वाजपेई पर्वतारोहण खेल संस्थान, मनाली में डिप्टी डायरेक्टर तथा रीजनल वॉटर स्पोर्ट्स पोंग डैम के प्रभारी हैं। राकेश वालिया ने पिछले लगभग 29 वर्षों से प्रदेश में स्विमिंग, कायाकिंग, राफ्टिंग, ड्रैगन बोट और सेलिंग जैसे खेलों को प्रोत्साहित कर युवाओं को नई दिशा दी है। उनके प्रयासों से कई युवाओं को खेल कोटे के तहत सरकारी रोजगार भी प्राप्त हुए हैं। लाडली फाउंडेशन की राज्य अध्यक्ष शालू अख्तर व उपाध्यक्ष निर्मला राजपूत ने बताया कि यह सम्मान 31 जनवरी को रीजनल वाटर सेंटर पोंग डैम में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा।

### चढ़ियार में डिजिटल बिलिंग व्यवस्था लागू

**अनंत ज्ञान, जितेन्द्र कौशल, बैजनाथ।** विद्युत उपमंडल चढ़ियार के अंतर्गत आने वाले सभी विद्युत उपभोक्ताओं को अब बिजली के बिल ई-मेल और एसएमएस के माध्यम से भेजे जाएंगे। इस व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं को बिल की हार्ड कॉपी उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी। सहायक अभियंता ओम प्रकाश राणा ने बताया कि स्मार्ट मीटर से जारी बिलों में यदि किसी प्रकार की त्रुटि होती है, तो उसका सुधार विद्युत उपमंडल चढ़ियार कार्यालय में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिल से संबंधित जानकारी या समस्या के समाधान के लिए उपभोक्ता सीधे कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही उपभोक्ताओं से अपने मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी अद्यतन रखने की अपील की गई है।

### पुलिस थाना बीड़ में 150 लोगों की आंखें जांची

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के अंतर्गत पुलिस थाना बीड़ में शुक्रवार को पुलिस थाना बीड़ के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मारंडा रोटरी आई हॉस्पिटल की चौगान शाखा से चिकित्सक विक्रांत सूद ने 150 लोगों के नेत्रों की जांच की। इस दौरान निशुल्क दवाइयां और जरूरतमंद लोगों को चश्मे भी वितरित किए गए। थाना प्रभारी बीड़ आदर्श बर्याल ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस थाना बीड़ द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भी पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है, इसी के तहत पैराग्लाइडिंग लैंडिंग साइट बीड़ में ट्रैफिक वॉलिंटियर्स को भी तैनात किया गया है।

### गुरु रविदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** आगामी पहली फरवरी को श्री गुरु रविदास जी प्रकाशोत्सव के 649वीं जयंती के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को श्री गुरु रविदास जी महासभा सभा नंगल चौक(नंगल बंडा) की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। श्री गुरु रविदास महासभा के अध्यक्ष गुरदास राम व उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गोगा की अगुवाई में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में दर्जनों गाडियों के काफिले सहित सैकड़ों भक्तों ने शोभायात्रा में हिस्सा लिया। आगामी 1 फरवरी को श्री गुरु रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा नंगल बंडा में रागी जत्थे द्वारा भजन कीर्तन व गुरु रविदास जी महाराज की महिमा का गुणगान किया जाएगा और दोपहर के बाद भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### रैत में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

**अनंत ज्ञान, कोहली/शाहपुर।** द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रैत में 29 व 30 जनवरी को दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की आईसीटी लैब (बीसीए हॉल) में हुआ, जिसमें बीएड, बीबीए, बीकॉम और बीसीए विभागों के संकाय सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक जीएस पठानिया और कार्यकारी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ। प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। एफडीपी के दौरान एडटेक विशेषज्ञों ने चैटजीपीटी, जेमिनी, कोपायलट, गामा और कैनवा जैसे एआई टूल्स पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। दूसरे दिन पाठ योजना, मूल्यांकन और फीडबैक में एआई के उपयोग पर सत्र आयोजित किए गए। समापन सत्र में फीडबैक व धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## भाषण देना ही है सुक्खू सरकार की असली पहचान: विपिन परमार

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश की जनता एक ऐसी सरकार से जूझ रही है जिसकी कथनी और करनी में जमीन-आसमान का फर्क है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश भर में यह झूठा प्रचार कर रहे हैं कि केंद्र सरकार हिमाचल की मदद नहीं कर रही, जबकि सच्चाई यह है कि वही मुख्यमंत्री नई दिल्ली जाकर केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर छेला-नेरीपुल-यशवंत नगर-औच्छघाट सडक़ के लिए सैद्धांतिक रूप से 200 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करवाते हैं। यह रकम इस बात का जीवंत प्रमाण है, लेकिन कांग्रेस सरकार उस सहयोग को स्वीकार करने की बजाय राजनीतिक रोना रोने में लगी है। विपिन सिंह परमार ने सवाल उठाया कि जब केंद्र सरकार 200 करोड़ रुपये जैसी भारी राशि सडक़ अधोसंरचना के लिए दे रही है, तो मुख्यमंत्री किस नैतिकता से केंद्र पर भेदभाव का आरोप लगाते हैं? यह सीधे-सीधे प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास है। विपिन सिंह परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी मार प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र पर पड़ी है। भाजपा सरकार के समय गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के लिए चलाई जा रही अनेक जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं को कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही बंद कर दिया। कांग्रेस नेता यह भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि केंद्र सरकार मनरेगा को समाप्त करना चाहती है, जबकि सच्चाई यह है कि मनरेगा को पारदर्शिता, तकनीकी सुधार और समय पर भुगतान की दिशा में मजबूत करने का काम भाजपा सरकार ने किया है। नाम बदलने की अफवाह फैलाकर श्रमिकों को गुमराह करना कांग्रेस की पुरानी राजनीति रही है। परमार ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार आज गुटबाज़ी, आपसी खींचतान और सत्ता संघर्ष में उलझी हुई है। मंत्रियों और नेताओं के बीच न कोई तालमेल है, न स्पष्ट नीति और न ही जनता के लिए ईमानदार नीयत।



## कर्मियों को वर्ष में दो बार किया जाए नियमित

### राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने की अनुबंध कर्मियों से बैठक



राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने अनुबंध कर्मियों के साथ बैठक की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला के कांगड़ा के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया की अध्यक्षता में जिला कांगड़ा के अनुबंध पर कार्यरत प्राथमिक शिक्षक साथियों के साथ बैठक की। जिसमें प्रदेश में कार्यरत अनुबंध कर्मचारी के नियमितीकरण के मुद्दे पर विशेष रूप से चर्चा की गई और चर्चा में पाया गया की वर्तमान में हिमाचल प्रदेश सरकार कर्मचारियों की हितैषी सरकार है और इस सरकार ने पूर्व में पुरानी पेंशन स्कीम को लागू कर एक ऐतिहासिक निर्णय कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया है । लेकिन वर्तमान सरकार के एक निर्णय के अनुसार प्रदेश के हजारों कर्मचारियों के नियतिकरण में लंबा इंतजार करने के लिए विवस होना पड़ रहा है, इसलिए बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिए गया कि हिमाचल प्रदेश सरकार इस निर्णय को पूर्व की भांति वर्ष में दो बार नियमित करे, जिसमें 30 सितंबर और 31 मार्च को जिस भी कर्मचारी के 2 वर्ष पूरे हो रहे हैं उन्हें दिनांक से नियमतीकरण का लाभ दिया जाए व इन कर्मचारियों के साथ न्याय किया ।

बैठक में महासचिव दिनेश राणा, कोषाध्यक्ष से राकेश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजीब शर्मा, मुख्य सरंक्षक हरिओम शर्मा, मीडिया प्रभारी सुभाष भाटिया, संगठन मंत्री मनीष शर्मा, मुख्य सलाहकार मनोहर राणा, संयुक्त सचिव ओम प्रकाश, महालेखाकार तरसेमलाल के साथ खंड अध्यक्ष बलवीर संधू, मुल्तान सिंह ,दलजीत पठानिया, राजेश कुमार ,संग्राम सिंह सुरेंद्र शर्मा, बलदेव सिंह ,मदन शर्मा कमलजीत, अनिरुद्ध गुलरिया, मनजीत गांधी, भीम सिंह राणा, महेंद्र जमवाल ,कुलदीप चंद ,हरीश कुमार सुरेंद्र राणा, दिनेश शर्मा ,अरुण परवाना, दीपक शर्मा, मनीष आनंद देश राज आदि 199 अध्यापकों ने भाग लिया ।

## नाम बदले जाने से कांग्रेस को तकलीफ लेकिन मजदूरों की पीड़ा पर चुप्पी: सुधीर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने शिमला के मॉल रोड पर कांग्रेस सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर वीबीजी राम योजना किए जाने के विरोध में किए गए धरने को लेकर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को यदि किसी बात से सबसे अधिक परेशानी है तो वह है गरीबों के हित में लिए गए भाजपा के फैसले और योजनाओं को नया दृष्टिकोण देना। सुधीर शर्मा ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलकर 'वीबीजी राम योजना' रखना कोई अपराध नहीं, बल्कि योजना की भावना और उद्देश्य को और मजबूत करने का प्रयास है। भाजपा ने कभी भी गरीबों के रोजगार से समझौता नहीं किया, बल्कि काम के अवसर बढ़ाने, पारदर्शिता लाने और मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह स्पष्ट करे कि उसे योजना के नाम से आपत्ति है या मजदूरों के रोजगार से? अगर कांग्रेस वास्तव में गरीबों की हितैषी है तो वह बताए कि प्रदेश में हजारों मनरेगा मजदूरों की लंबित मजदूरी पर उसने आज तक क्या किया। धरना नाम बदलने पर नहीं, मजदूरों का पैसा रोकने पर दिया जाना चाहिए था। भाजपा विधायक ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास केवल नामों से राजनीति करने का रहा है। आज वही कांग्रेस भाजपा द्वारा किए गए नाम परिवर्तन पर राजनीति कर रही है, जबकि उसे इस बात का जवाब देना चाहिए कि उसकी सरकार में मनरेगा का काम क्यों ठप पड़ा है, क्यों मजदूरों को समय पर रोजगार नहीं मिल रहा और क्यों भुगतान में महीनों की देरी हो रही है। सुधीर शर्मा ने कहा कि 'वीबीजी राम योजना' का उद्देश्य स्पष्ट है, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, पलायन पर रोक और मजदूरों की आय में वृद्धि। भाजपा सरकार ने हमेशा योजनाओं को जमीन से जोडक़र देखा है, जबकि कांग्रेस केवल पोस्टर, धरने और बयानबाजी तक सीमित रही है। उन्होंने कहा कि शिमला के मॉल रोड पर धरना देना कांग्रेस की हताशा को दर्शाता है। जब सरकार चलाने का सामर्थ्य नहीं बचता, तब ऐसे प्रतीकात्मक धरनों के जरिए जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश की जाती है। सुधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को यह समझ लेना चाहिए कि जनता अब नाम बदलने के विरोध और खोखली राजनीति से आगे बढ़ चुकी है। प्रदेश की जनता रोजगार चाहती है, विकास चाहती है और स्थिर शासन चाहती है, न कि मॉल रोड पर होने वाला राजनीतिक ड्रामा।



## यूजीसी कानून के विरोध में राजपूत सभा भी मोर्चे पर

**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जा रहे यूजीसी कानून के विरोध में जिला कांगड़ा की राजपूत सर्वहित कल्याण सभा फतेहपुर मोर्चे पर उतर गई है। सभा के प्रधान नरेंद्र मनकोटिया की अध्यक्षता में बिश्राम गुह में बैठक आयोजित की गई, जिसमें हिमाचल प्रदेश राजपूत कल्याण बोर्ड के सदस्य पिताम्भर सिंह, वाइस चेयरमैन जगदेब सिंह पठानिया, पूर्व प्रधान रघुबीर सिंह पठानिया, उपप्रधान सुरजीत जसरोटिया और राय सिंह सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 2 फरवरी को सभा सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी और एसडीएम फतेहपुर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं केंद्र सरकार के मंत्रियों को ज्ञापन भेजा जाएगा। सभा ने यूजीसी कानून को 'काला कानून' करार देते हुए कहा कि यह छात्र, युवा और ग्रामीण समाज के हितों के खिलाफ है। नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर कानून वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन जिला स्तर से प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक बढ़ाया जाएगा। प्रधान नरेन्द्र मनकोटिया ने कहा कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण लेकिन निर्णायक होगा और युवाओं व छात्रों के हितों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। वाइस चेयरमैन जगदेब सिंह पठानिया ने कहा कि राजपूत समाज और युवा वर्ग की भावनाओं के खिलाफ कोई भी कदम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और 2 फरवरी को सडक़ों पर उनकी आवाज पूरी ताकत से बुलंद होगी।

**◆ 2 फरवरी को करेंगे विरोध**

## पीला रतुआ से गेहूं को बचाने के लिए करें प्रबंधन

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश में गेहूं की फसल में पीला रतुआ (येलो रस्ट) एक प्रमुख रोग है, जो प्रायः दिसंबर के मध्य से जनवरी के पहले पखवाड़े में दिखाई देता है और मार्च के अंत तक फैलता रहता है। कृषि विभाग पालमपुर की डॉ. अंजू ठाकुर ने बताया कि ठंडे व नमी वाले मौसम में इसका प्रकोप अधिक होता है। रोग के लक्षण पत्तियों पर पीली धारियों के रूप में दिखाई देते हैं, जिनसे पीला चूर्ण निकलता है। रोग से बचाव हेतु किसानों को रोग प्रतिरोधी किस्में जैसे एचपीडब्ल्यू 360, एचएस 542, डब्लयूएच 1270, डीबीडब्लयू 303 व 327 का उपयोग करना चाहिए। रोग के प्रारंभिक लक्षण दिखते ही प्रोपिकोनाजोल 25 ईसी की 0.1 प्रतिशत सांद्रता का छिड़काव 15 दिन के अंतराल पर करने की सलाह दी गई है।

## शहीदी दिवस पर राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को जिले भर में शहीदी दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपायुक्त कार्यालय परिसर में अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान का स्मरण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे गांधीजी द्वारा बताए गए सत्य, अहिंसा और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने का संकल्प लें, ताकि वे अच्छे नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा कर सकें। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी शहीदी दिवस के अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर एसी जगदीप कुमार, एसडीएम मोहित रत्न सहित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जब लोगों ने कहा-धन्यवाद एसडीएम सर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में आज आने जाने वालों के लिए परेशानी का सबब बन चुके वाशों के जंजाल के झुंड को उपमंडल अधिकारी नागरिक संकल्प गौतम के आदेशानुसार वन विभाग ने हटा दिया है । गौरतलब है कि बैजनाथ पपरोला पुल के पास सडक़ किनारे एक वांश के झुंड का जंजाल झुका हुआ था जो की कभी भी किसी दुर्घटना को अंजाम दे सकता था। खासकर बरसात के समय जो अभिभावकों अपने बच्चों को गाडियों में स्कूल भेजते थे उन्हें चिंता रहती थी की कहीं बांसों के इस झुंड की वजह से गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त ना हो जाए और उनके बच्चे चोटिल ना हो जाए। बार-बार इसे हटाने की मांग उठाई जाती रही थी । परंतु आज एसडीम संकल्प गौतम के आदेश अनुसार फारेस्ट विभाग ने इस झुंड को हटा दिया है जिससे बरसों से चली आ रही इस समस्या से लोगों को निजात मिली है। हालांकि इस दौरान थोड़ी देर के लिए यातायात को बंद भी करना पड़ा इस दौरान पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। जिस तरह से परेशानी का सबब बन चुके बांस के इस झुंड को हटाया गया है । लोग कहने लगे धन्यवाद एसडीएम साहब अब कम से कम उन्हें अपने बच्चों की सुरक्षा की चिंता तो कम हुई है ।

## यूजीसी को लेकर राजपूत कल्याण सभा मुखर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजपूत कल्याण सभा हिमाचल प्रदेश ने यूजीसी द्वारा हाल ही में जारी किए गए नए निर्देशों पर कड़ा विरोध जताया है। सभा का कहना है कि इन निर्देशों के तहत राजनीतिक दलों द्वारा बनाए गए कॉलेजों और विश्वविद्यालयों पर रोक लगाने का प्रावधान अनुचित है और यह देश के लोकतांत्रिक ढांचे के खिलाफ है। सभा के प्रदेशाध्यक्ष केएस चंबियाल ने कहा कि देश में अनेक शैक्षणिक संस्थान राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पिछले कई दशकों से संचालित किए जा रहे हैं । उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान दिया है। ऐसे में इन संस्थानों को बंद करने या उन पर रोक लगाने का निर्णय तर्कसंगत नहीं है। राजपूत कल्याण सभा ने स्पष्ट किया कि यदि केंद्र सरकार ने यूजीसी के इन निर्देशों को वापस नहीं लिया तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा। इसी कड़ी में सभा ने जिला मुख्यालय कांगड़ा में 2 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे विशाल रैली और धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। सभा के अनुसार यह धरना-प्रदर्शन जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र सरकार और यूजीसी से इन निर्देशों को तुरंत वापस लेने की मांग की जाएगी। सभा के अध्यक्ष केएस चंबियाल ने कहा कि शिक्षा को राजनीति से अलग रखना जरूरी है, लेकिन शिक्षा संस्थानों को राजनीति के नाम पर समाप्त करना देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

**श्रद्धांजलि** कृषि मंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

## मनरेगा बदलाव पर कांग्रेस ने बुलंद की आवाज

अनंत ज्ञान

**कोटला।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान के तहत शुक्रवार को नगरोटा सूरियां के सुकनाड़ा में एक कार्यक्रम का आयोजन ज्वाली क्षेत्र के इंचार्ज विजय कर्ण की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार,विजय कर्ण, ग्रामीणों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश के गांवों के गरीब वर्ग को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मनरेगा कानून लागू किया था, जिसके अंतर्गत प्रत्येक परिवार को सौ दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली और लाखों परिवारों को आजीविका का सहारा मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा केंद्र सरकार मनरेगा को कमजोर करने की लगातार कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सीधे तौर पर गरीब विरोधी नीति है। केंद्र सरकार मनरेगा योजना के नियमों में बदलाव कर इसके मूल उद्देश्य को समाप्त करने का प्रयास कर रही है, जिससे ग्रामीणों के अधिकार छीने जा रहे हैं, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर ज्वाली क्षेत्र के इंचार्ज विजय कर्ण ने कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में सरकार को मजदूरी दर बढ़ानी चाहिए थी, लेकिन इसके विपरीत मनरेगा योजना को धीरे-धीरे समाप्त करने की साजिश रची जा रही है। आज स्थिति यह है कि मनरेगा में कार्यरत लोगों को समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं हो पा रहा है, जिससे गरीब लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब और आम आदमी के साथ खड़ी रही है और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी। इस दौरान विजय कर्ण ने एसडीएम नरेंद्र जरियाल के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भी सौंपा।



कृषि मंत्री महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। अनंत ज्ञान


## अहिंसा व नैतिकता का मार्ग ही बापू को सच्ची श्रद्धांजलि : पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** बडंज स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के शहीदी दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इस अवसर पर पठानिया ने कहा कि महात्मा गांधी अहिंसक प्रतिरोध के अग्रदूत थे और उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नैतिकता की नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि बापू का बलिदान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा और मानवता जैसे सार्वकालिक मूल्यों के लिए दिया गया सर्वोच्च बलिदान था। गांधी जी ने राजनीति में नैतिकता का समावेश कर यह संदेश दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### नशे के खिलाफ निर्णायक जंग की जरूरत: डॉ. तंवर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर सीपीआईएम नेता डॉ. कुलदीप सिंह तंवर ने नशे के विरुद्ध एक निर्णायक



जंग का आह्वान करते हुए कहा कि जब तक राजनीतिक दलों में दृढ़ इच्छाशक्ति की कमी रहेगी, तब तक नशामुक्त समाज का सपना अधूरा है। उन्होंने इस बात पर गहरा क्षोभ प्रकट किया कि लोकसभा से लेकर पंचायत चुनावों तक मतदाताओं को लुभाने के लिए शराब और अन्य नशों का खुलेआम प्रयोग किया जाता है, जिसे रोकने के लिए सख्त कानूनों और सार्वजनिक संकल्प की तत्काल आवश्यकता है। तंवर ने चेतावनी दी कि चिट्टा और घातक सिंथेटिक ड्रग्स के कारण हिमाचल की युवा पीढ़ी असमय काल के ग्रास में समा रही है, जो एक गंभीर सामाजिक संकट है। इस चुनौती से निपटने के लिए उन्होंने दोहरा सुझाव दिया। पहला, सरकार नशे की सप्लाई चेन को पूरी ईमानदारी से ध्वस्त करे, और दूसरा, राजनीतिक व सामाजिक संगठन मिलकर नशे की मांग (डिमांड) को खत्म करने के लिए एक व्यापक जन-आंदोलन खड़ा करें ताकि लोकतंत्र और युवा भविष्य दोनों को सुरक्षित किया जा सके।

### बिना परमिट टैक्सी चलाने वाले पर कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मुख्यालय में बिना वैध परमिट टैक्सी संचालन के मामले में परिवहन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक वाहन चालक का 10 हजार रुपये का चालान काटा है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई टैक्सी यूनियन की शिकायत के बाद की गई, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कुछ वाहन चालक नियमों को दरकिनार कर अवैध रूप से सवारी ढो रहे हैं, जिससे न केवल राजस्व को नुकसान हो रहा है बल्कि पंजीकृत टैक्सी चालकों की रोजी-रोटी पर भी असर पड़ रहा है। शिकायत मिलने के बाद आरटीओ मंडी की टीम ने जांच अभियान चलाया और संबंधित वाहन को पकड़कर दस्तावेजों की जांच की, जिसमें परमिट से जुड़ी अनियमितता सामने आई। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और सड़क पर केवल वैध दस्तावेज वाले वाहन ही संचालित होने दिए जाएंगे।

### 2.98 ग्राम चिट्टा बरामद, युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** गगरेट पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 2.98 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। यह कार्रवाई मध्य रात्रि गश्त के दौरान एएसआई रणबीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस टीम ने गगरेट बस स्टैंड के समीप एक युवक को शक के आधार पर रोका और तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 2.98 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी की पहचान रजनीश कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी गांव व डाकघर अठवां, तहसील अम्ब के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी यह नशीला पदार्थ कहां से लाया था और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। गगरेट पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### खलीनी में आपसी विवाद ने लिया हिंसक रूप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के खलीनी क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। विवाद के दौरान लात-घूंसे चले और महिलाओं के बीच भी जमकर झड़प हुई, जिसमें एक-दूसरे के बाल तक नोचने की नौबत आ गई। घटना का वीडियो मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में सड़क पर खुलेआम हो रही मारपीट को साफ देखा जा सकता है। घटना के बाद मामले को लेकर न्यू शिमला थाना पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि तथ्यों की पुष्टि के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### छोटा शिमला में पिकअप खाई में गिरी, चालक घायल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** छोटा शिमला क्षेत्र में पिकअप वाहन नंबर एचपी 24 डी 8150 अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसा उस समय हुआ जब वाहन मार्ग से गुजर रहा था। दुर्घटना में पिकअप का चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### चिड़गांव में 2.15 ग्राम चिट्टे के साथ चार गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू उपमंडल के चिड़गांव क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आईपीएच कर्मचारी सहित तीन युवकों को 2.15 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर यह सफलता मिली, जिसके बाद मौके पर दबिश देकर चारों को हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ जारी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि चिट्टा कहां से लाया गया और इसकी सप्लाई कहां की जानी थी। पुलिस ने कहा है कि नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### गहने चमकाने का झांसा देकर उड़ाए जेवर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पैलेस कॉलोनी क्षेत्र में ठगी की एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई है, जहां अज्ञात दो व्यक्तियों ने एक वृद्ध महिला को गहने साफ कर चमकाने का झांसा देकर चार सोने की चूड़ियां और एक कड़ा ठगी से हड़प लिया। जानकारी के अनुसार दोनों संदिग्ध स्वयं को गहनों की सफाई करने वाला बताकर घर पहुंचे और विशेष केमिकल से पुराने आभूषणों को नया जैसा बनाने का दावा किया। विश्वास में लेकर उन्होंने गहनों पर रसायन लगाया और कुछ ही देर में मौका पाकर सोना निकालकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों व्यक्ति किसी दूसरे राज्य के प्रतीत हो रहे थे तथा काले रंग के पीठू बैग साथ लिए हुए थे। घटना चम्पा ठाकुर के पड़ोस में उनके रिश्तेदारों के साथ घटी बताई जा रही है। वारदात के बाद कॉलोनी में चिंता का माहौल है और लोगों से अनजान व्यक्तियों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि प्रभावित मामला दर्ज करवाए, पुलिस जांच करेगी।

# शिमला में 15 नई उचित मूल्य दुकानें खोलने की प्रक्रिया शुरू

## 20 फरवरी तक मांगे ऑनलाइन आवेदन, स्थानीय बेरोजगारों को मिलेगा अवसर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला शिमला में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया जा रहा है। सरकारी निर्णय के अनुसार जिले के विभिन्न विकास खंडों और शहरी क्षेत्रों में 15 स्थानों पर नई उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में राशन वितरण व्यवस्था को अधिक सुचारू और पारदर्शी बनाना है, जिससे स्थानीय उपभोक्ताओं को उनके घर के समीप ही सुविधा मिल सके।

जानकारी के अनुसार इन दुकानों के लिए रामपुर, जुब्बल, ठियोग, ननखड़ी, नारकंडा, चौपाल विकास खंडों के साथ-साथ शिमला शहर के वार्ड नंबर 34 कनलोग में स्थान चिन्हित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं विभाग की अधिकृत वेबसाइट पर 20 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि चयन प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष रखने के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा।

### पात्रता और आवश्यक शर्तें करनी होंगी पूरी

**इन** दुकानों के आवंटन के लिए आवेदनकर्ता की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक और आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता, आयु और वित्तीय स्थिति के प्रमाण पत्रों के साथ-साथ दुकान की उपलब्धता व भंडारण क्षमता का विवरण देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा बीपीएल, एससी, ओबीसी, एसटी, भूतपूर्व सैनिक या शिक्षित बेरोजगार वर्ग से संबंधित प्रमाण पत्र भी अपलोड करने होंगे। आवेदकों को एक शपथ पत्र भी देना होगा कि उनके परिवार का कोई भी सदस्य किसी निर्वाचित राजनीतिक पद पर कार्यरत नहीं है।

### इच्छुक उम्मीदवार समय पर करें आवेदन: धीमान

**जिला** नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नरेंद्र कुमार धीमान ने बताया कि उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन के लिए पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वांछित दस्तावेजों के बिना आवेदन स्वत: ही रद्द माने जाएंगे और चयन के लिए अंतिम मेरिट सूची केवल दस्तावेजों के आधार पर तैयार की जाएगी। उन्होंने इच्छुक पात्र उम्मीदवारों से समय पर आवेदन करने की अपील की है ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# राज्यपाल ने शहीदी दिवस पर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



शिमला के लोक भवन में शहीदी दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शहीद दिवस के अवसर पर लोक भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने गांधी जी के शिक्षाओं को याद करते हुए कहा कि उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों ने न केवल भारत को आजादी दिलाई, बल्कि आज वैश्विक संघर्षों के दौर में भी ये आदर्श अत्यंत प्रासंगिक हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा सहित लोक भवन के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी बापू को पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि गांधी जी के विचार एक न्यायपूर्ण और सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण के लिए आज भी हमारा मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने गांधी जी को दुनिया के सबसे बड़े अहिंसक आंदोलन का प्रणेता बताते हुए उनके बलिदान को नमन किया।

### सूचना एवं जन संपर्क निदेशालय में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को निदेशालय सूचना एवं जन संपर्क में एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रपिता को नमन किया। बापू के सिद्धांतों और देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए सभी उपस्थित सदस्यों ने उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन भी रखा। श्रद्धांजलि सभा में विभागीय एकजुटता देखने को मिली, जहां अधिकारियों ने गांधी जी के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के संकल्प को दोहराया। इस गरिमामयी अवसर पर संयुक्त निदेशक अजय पाराशर, संयुक्त निदेशक यूसी कौंडल और उप-निदेशक अनिल गोमा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी बापू के चरणों में अपनी पुष्पांजलि अर्पित की।

# कुष्ठ रोग निवारण दिवस पर भेदभाव समाप्त करने की शपथ

अनंत ज्ञान



कुष्ठ रोग निवारण दिवस पर विद्यार्थियों और अध्यापकों को शपथ दिलाते डीसी अनुपम कश्यप। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कुष्ठ रोग निवारण दिवस के अवसर पर उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आला अधिकारियों और कर्मचारियों को कुष्ठ रोग तथा रोगियों के प्रति भेदभाव समाप्त करने की शपथ दिलाई। इसी कड़ी में गवर्नमेंट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चौड़ा मैदान में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशपाल रान्टा ने बताया कि यह दिवस हर वर्ष 30 जनवरी को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना, समय पर इलाज के लिए प्रेरित करना और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना है।

इस वर्ष कार्यक्रम 'कुष्ठ रोग साध्य है, असली चुनौती सामाजिक कलंक' विषय पर मनाया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

डॉ. यशपाल रान्टा ने कहा कि कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्री जीवाणु से होने वाली दीर्घकालिक बीमारी है, जिसका पाप या किसी धार्मिक मान्यता से कोई संबंध नहीं है। यह रोग त्वचा पर घाव, हाथ-पैरों में सुन्नता और मांसपेशियों में कमजोरी जैसे लक्षण पैदा कर सकता है, लेकिन इसका इलाज पूरी तरह संभव है और सरकारी संस्थानों में दवाएं निशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आईटीआई के 250 विद्यार्थियों और अध्यापकों को भेदभाव समाप्त करने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने आम जनता से अपील की कि लक्षणों के प्रति जागरूक रहें ताकि समय रहते निदान और उपचार हो सके और रोगियों को विकलांगता से बचाया जा सके, साथ ही उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए दया और सहयोग का भाव अपनाया जाए।

# जोगिंद्रनगर बस स्टैंड में अवैध रास्तों पर बवाल

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर बस स्टैंड परिसर में चारदीवारी तोड़कर निजी व्यावसायिक संस्थानों को रास्ता दिए जाने के खिलाफ बस स्टैंड के स्टाल धारकों ने कड़ा विरोध जताया है।

स्टाल धारकों का आरोप है कि यह सब संबंधित विभाग की मिलीभगत से किया गया है, जिससे उन्हें सीधे तौर पर आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। स्टाल धारकों ने परिवहन निगम के अधिकारियों से मांग की है कि जोगिंद्रनगर बस स्टैण्ड में अवैध रूप से दिए गए सभी रास्तों को तुरंत बंद किया जाए और इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों व लाभार्थियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

स्टाल धारकों का कहना है कि बस स्टैंड की चारदीवारी तोड़कर निजी संस्थानों को लाभ पहुंचाने की यह कोशिश नियमों के खिलाफ है। इससे न केवल बस स्टैंड की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी, बल्कि यात्रियों और स्थानीय दुकानदारों को भी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।स्टाल धारकों का कहना है कि प्रदेश के किसी भी अन्य बस अड्डे में इस तरह का कोई उदाहरण नहीं मिलता, जहां सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर निजी लोगों को अवैध रास्ता दिया गया हो। इसके बावजूद जोगिंद्रनगर बस अड्डे में यह सिलसिला लगातार जारी है। स्टाल धारकों ने परिवहन निगम से मांग की है कि अवैध रूप से दिए गए सभी रास्तों को तुरंत बंद किया जाए और इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों व लाभार्थियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए अन्यथा प्रदेश के तमाम अब बस अड्डों में यह प्रथा शुरू हो जाएगी।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने जनसमस्याएं सुन जाना बुजुर्गों का हालचाल



आमजन की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री सुक्खू। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो शिमला।** सर्द मौसम के बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जनसुनवाई के दौरान आम लोगों से सीधे संवाद कर संवेदनशील नेतृत्व की मिसाल पेश की। 30 जनवरी को आयोजित इस जनसुनवाई में मुख्यमंत्री किसी शासक की तरह नहीं, बल्कि परिवार के मुखिया की तरह जनता के बीच नजर आए।

प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनते हुए मुख्यमंत्री ने बुजुर्गों से हालचाल जाना और युवाओं की करियर संबंधी चिंताओं पर खुलकर बातचीत की। उन्होंने अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर यह संदेश दिया कि उनकी सरकार सत्ता नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन और जनसेवा के लिए है।

मुख्यमंत्री ने मौके पर ही संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को तलब कर जनता की समस्याओं का तय समय में समाधान करने के सख्त निर्देश दिए। कई मामलों में फोन पर ही आदेश जारी कर तत्काल राहत सुनिश्चित की गई, जिससे जनसुनवाई में मौजूद लोगों में संतोष और उम्मीद दिखी।

### गलू पंचायत में दो मंजिला मकान की छत जली

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर की गलू पंचायत के रक्कड़ गांव में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक अग्निकांड में रमेश कुमार के दो मंजिला मकान की छत जलकर राख हो गई। इस घटना में पीड़ित परिवार को करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सायं रमेश कुमार के मकान की ऊपरी मंजिल में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से मकान में रखा घरेलू सामान, रसोई के बर्तन, बिस्तर तथा अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फायरमैन बंसीलाल, कृष्ण चंद व जोगिंदर सिंह ने तत्परता दिखाते हुए समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे आग नीचे की मंजिल तक फैलने से रुक गई और बड़ा हादसा टल गया।अग्निकांड के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीआईएसएफ वंदे मातरम तटीय साइकिल यात्रा-2026 का शुभारंभ

अनंत ज्ञान



**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** सीआईएसएफ इकाई बीएसएल परियोजना सुंदर नगर के उप कमांडेंट विशाल बंसल ने बताया कि सीआईएसएफ द्वारा आयोजित वंदे मातरम तटीय साइकिल यात्रा-2026 का शुभारंभ 28 जनवरी 2026 को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम नई दिल्ली से आभासी माध्यम द्वारा हुआ, जहां माननीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मुख्य अतिथि रहे।

उन्होंने कहा 25 दिवसीय राष्ट्रीय जन-जागरूकता अभियान पश्चिम बंगाल के बक्खाली तथा गुजरात के लखपत से एक साथ आरंभ होकर पूर्वी-पश्चिमी तटों के लगभग 6,500 किलोमीटर मार्ग से गुजरते हुए 22 फरवरी 2026 को कोच्चि में पूर्ण होगा। उद्देश्य तटीय सुरक्षा जागरूकता, मछुआरों को 'तट प्रहरी' रूप में सशक्त बनाना, युवाओं में तंदुरुस्ती, राष्ट्रसेवा भावना प्रोत्साहन, वंदे मातरम् के 150 वर्ष स्मरण को समर्पण है।

कार्यक्रम दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, सामूहिक 'वंदे मातरम्' गायन, सीआईएसएफ बैंड प्रस्तुति हुई। बल द्वारा तटीय गांवों में सामुदायिक सहभागिता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक चेतना गतिविधियां चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया युवा सहभागिता, महिला सशक्तिकरण प्रमुख केंद्र बिंदु हैं, भाग लेने वाले साइकिल चालकों में 50 प्रतिशत महिलाएं शामिल, जो राष्ट्रीय सेवा पहलों में लैंगिक समावेशिता दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### ईयू समझौते से हिमाचल के सेब बागवानों पर संकट : मूंगटा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** किसान नेता और कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता कौशल मूंगटा ने भारत सरकार और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते पर चिंता जताई है।



उन्होंने कहा कि सेब सहित फलों पर आयात शुल्क में प्रस्तावित कटौती से हिमाचल प्रदेश की लगभग 6,000 करोड़ रुपए की सेब आधारित अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है, जो करीब तीन लाख बागवान परिवारों की आजीविका का आधार है। मूंगटा के अनुसार, सेब पर आयात शुल्क को लगभग 50 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत करने से विदेशी सेब सस्ते होंगे और स्थानीय बागवानों को कड़ी प्रतिस्पर्धा झेलनी पड़ेगी। उन्होंने मांग की कि सेब जैसे संवेदनशील कृषि उत्पादों को मुक्त व्यापार समझौते से बाहर रखा जाए और हिमाचल के बागवानों के लिए विशेष संरक्षण नीति बनाई जाए।

# मानवता शर्मसार : किन्नौर में लावारिस हालत में नहर के पास फेंका नवजात

### ◆ उरनी के बखरेदेन में स्थानीय युवकों ने एक लिफाफे में लिपटे हुए मासूम को देखा

अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले किन्नौर के उरनी क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां ममता के आंचल को कलंकित करते हुए एक नवजात शिशु को लावारिस हालत में नहर के पास फेंक दिया गया।

जानकारी के अनुसार वीरवार शाम को उरनी के बखरेदेन नामक स्थान पर स्थानीय युवकों ने एक लिफाफे में लिपटे हुए मासूम को देखा और तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों व पुलिस को दी। टापरी पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शिशु को कब्जे में लिया और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हाड़ कंपा देने वाली ठंड की मार यह नन्हीं जान सहन नहीं कर पाई और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गहन जांच शुरू कर दी है ताकि उस निर्दयी मां या दोषियों का पता लगाया जा सके जिन्होंने इस कृत्य को अंजाम दिया। नवजात के शव का प्राथमिक पोस्टमार्टम स्थानीय स्तर पर करने के बाद, अब उसे आईजीएमसी शिमला के फॉरेंसिक मेडिसन विभाग भेजा गया है, ताकि मौत के सटीक समय और कारणों का पता चल सके। टापरी थाना पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आस-पास के क्षेत्रों व स्वास्थ्य केंद्रों में हाल ही में हुए प्रसवों का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। पुलिस स्थानीय लोगों और चश्मदीदों से पूछताछ कर रही है, ताकि यह सुराग मिल सके कि लिफाफा वहाँ कब और किसके द्वारा छोड़ा गया था।

# कांग्रेस का केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेसी। अनंत ज्ञान

**नाहन।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला सिरमौर कांग्रेस कमेटी ने यशवंत चौक पर हिमाचल निर्माता स्वर्गीय डॉ. यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा के समक्ष धरना प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मनरेगा योजना के मूल स्वरूप को कमजोर किए जाने के आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरने को संबोधित करते हुए संसदीय कार्य एवं उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मनरेगा जैसी ऐतिहासिक योजना, जिसे गांधी के विचारों से जोड़कर ग्रामीण भारत को मजबूत करने के लिए शुरू किया गया था, उसे मौजूदा केंद्र सरकार लगातार कमजोर कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायतों और ग्रामीणों से उनके अधिकार छीनकर सभी फैसले दिल्ली से थोपे जा रहे हैं।

हर्षवर्धन चौहान ने सवाल उठाया कि अब गांव में कौन सा विकास कार्य होगा, किस योजना को प्राथमिकता मिलेगी और किसे रोजगार मिलेगा, यह क्या केंद्र सरकार तय करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता को विकास तय करने का अधिकार दिया था, लेकिन एनडीए सरकार उसी अधिकार को समाप्त करने पर तुली हुई है।

# धर्मपुर के भेड़ी-1 गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत भेड़ी-1 में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

मृतक की पहचान रूप लाल (52 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय भीखम राम, निवासी गांव भेड़ी-1, डाकघर सजाओ पिपलू, तहसील धर्मपुर, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रूप लाल का शव उसके ही घर में बरामद किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, बीती रात मृतक के घर से आपसी कहासुनी और झगड़े की आवाजें सुनाई दी थीं। सुबह जब काफी देर तक घर से कोई हलचल नहीं हुई, तो आसपास के लोगों को शक हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस को अवगत करवाया गया, जिसके बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज मंडी भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत उपरीधार**
**विकासखंड चौन्तड़ा, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)**

**विकास कार्यों के लिए सामग्री की निविदाएं आमंत्रित करने बारे :**
यह कि ग्राम पंचायत में 15वें वितायोग एवं सामान्य मद हेतु सामग्री की आवश्यकता है। 15वें वितायोग के अंतर्गत निर्माण हेतु PI पाईप, यूनीयन, सॉकेट इत्यादि की आवश्यकता है। अतः ग्राम पंचायत सर्वसम्मति से उपरोक्त सामग्री की सप्लाई हेतु निवेदन आमंत्रित करती है।

प्रधान/ सचिव
ग्राम पंचायत उपरीधार

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
श्रीमति सुदर्शना देवी पुत्री काका राम निवासी गांव व डा. पट्टी, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।
मुकदमा न./NT/25
तारीख पेशीः - 03/02/2026
**बनाम**
**आम जनता**
प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यू पंजीकरण अधिनियम, 1969 श्रीमति सुदर्शना देवी पुत्री काका राम निवासी गांव व डा. पट्टी, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उसका जन्म गांव व डा. पट्टी में दिनांक 08.01.1974 को हुआ है लेकिन ग्राम पंचायत / नगर निगम पालमपुर के अभिलेख में दर्ज न है।
चुंकि आम जनता को सधारण तरीके से ईतलाह नहीं हो पा रही है। अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी उज्र / एतराज हो तो वह 03-02-2026 दिनांक को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी उज्र/एतराज दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले गौर न होगा तथा उपरोक्त जन्म पंजीकरण को स्वीकार करते हुए इसे दर्ज करने के आदेश सम्वन्धित ग्राम पंचायत/ नगर निगम पालमपुर को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 6/01/2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**सपना** वह नहीं होता जो आप नींद में देखते हैं, यह तो कुछ ऐसी चीज है जो आपको सोने नहीं देती है।

–अब्दुल कलाम

## संपादकीय

# रैगिंग का चलन कब होगा बंद ?

देशभर में रैगिंग का चलन वर्षों से जारी है, लेकिन अब हिमाचल प्रदेश में भी इसकी घटनाएं बढ़ने लगी हैं। जगह-जगह शैक्षणिक संस्थानों से रैगिंग के मामले थोड़े-थोड़े अंतराल पर सामने आते रहते हैं। ऊना जिले के पेखूबेला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में दसवीं कक्षा के एक छात्र के साथ रैगिंग की घटना सामने आई। यह स्पष्ट संकेत है कि हिमाचल के शिक्षा संस्थानों में भी यह गंभीर समस्या बनी हुई है। बावजूद इसके जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और राज्य सरकार इसे हल्के में ले रहे हैं। रैगिंग के कारण कई बार विद्यार्थी मानसिक अवसाद का शिकार हो जाते हैं, और कुछ छात्र आत्महत्या तक कर बैठते हैं।

धर्मशाला कॉलेज में एक छात्रा की मौत को रैगिंग से जोड़कर मीडिया में व्यापक चर्चा हुई थी। सोशल मीडिया से लेकर प्रिंट मीडिया तक हर जगह यह मामला उठाया गया, लेकिन जांच में यह सामने आया कि उस छात्रा के साथ रैगिंग नहीं हुई थी। मृतका ने एक प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप भी लगाया था। जांचों में सभी आरोप खारिज कर दिए गए, लेकिन परिवार अब भी उस गहरे सदमे से उबर नहीं पाया है। ये घटनाएं यह दर्शाती हैं कि पीड़ितों के लिए न्याय तक पहुंचना अत्यंत कठिन है, और 'कुछ हुआ ही नहीं' जैसी प्रवृत्ति समाज और प्रशासन में बनी रहती है।

ऊना के ताजे मामले में भी यही स्थिति देखने को मिलेगी। सवाल यह है कि रैगिंग करने वाले छात्र, जो सीनियर होने के नाम पर नए छात्रों की जिंदगी मुश्किल बना देते हैं, कब और कैसे जवाबदेह होंगे। आम जनता हर मंच से यह सवाल पूछ रही है कि आखिर रैगिंग पर रोक कब लगेगी, लेकिन आज तक किसी के पास ठोस जवाब नहीं है।

इतिहास भी इस गंभीर समस्या का गवाह है। बहुत साल पहले कांगड़ा जिले के टांडा में स्थित मेडिकल कॉलेज में हरियाणा का छात्र अमन काचरू रैगिंग का शिकार हुआ था। उस समय भी छात्रों के करियर पर असर पड़ने के डर से मामला दबा दिया गया। बावजूद इसके बड़े पैमाने पर विद्यार्थियों ने धरने और प्रदर्शन किए, लेकिन प्रशासन और सरकारें गंभीर नहीं हुईं। इससे स्पष्ट है कि रैगिंग केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती है। सुप्रीम कोर्ट ने रैगिंग के लिए सख्त दंड का आदेश दिया है, लेकिन यह आदेश भी ठोस रूप में लागू नहीं हो रहा। जागरूकता अभियानों का प्रभाव सीमित है, और विद्यार्थियों में सुरक्षा और सम्मान की भावना को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। सवाल यह है कि पीड़ितों को न्याय कैसे मिलेगा? इसके लिए आवश्यक है कि राज्य सरकार, शिक्षा विभाग और प्रशासन मिलकर सख्त कदम उठाएं, प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करें और दोषियों को निश्चित दंड दें।

रैगिंग की घटनाओं का परिणाम केवल मानसिक और शारीरिक आघात तक सीमित नहीं है। यह शिक्षा संस्थानों की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाती है और छात्रों के भविष्य पर गहरा असर डालती है। हिमाचल प्रदेश में भी जैसे-जैसे रैगिंग की घटनाएं बढ़ रही हैं, समाज में चिंता की स्थिति उत्पन्न हो रही है। अब प्रशासन को चेतना दिखानी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी छात्र अपने अधिकारों और सुरक्षा के लिए अनजाने में पीड़ित न हो। इस समस्या का समाधान केवल दंड और कानून से ही संभव नहीं है। इसके लिए शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता, जागरूकता और छात्रों के बीच सकारात्मक और सम्मानपूर्ण वातावरण बनाना आवश्यक है। माता-पिता, शिक्षक और प्रशासन मिलकर यह सुनिश्चित करें कि छात्र भय और दबाव के बिना अपनी पढ़ाई और विकास में लगा रहे। रैगिंग को केवल व्यक्तिगत घटना के रूप में नहीं देखना चाहिए। यह समाज और प्रशासन की जवाबदेही का मुद्दा है। छात्रों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियानों के साथ-साथ प्रभावी कानून और दंड का पालन अनिवार्य है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

# प्रथम परमवीर चक्र विजेता

**मेजर** सोमनाथ शर्मा (31 जनवरी 1923–3 नवंबर 1947) भारतीय सेना के एक अद्वितीय वीर अधिकारी थे। उन्हें 1947 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान कश्मीर अभियानों में प्रदर्शित असाधारण वीरता के लिए मरणोपरांत प्रथम परमवीर चक्र प्रदान किया गया। श्रीनगर हवाई अड्डे की रक्षा करते हुए पाकिस्तानी घुसपैठियों और हमलावरों को खदेड़ते समय उन्होंने महज 24 साल की उम्र में शहादत का जाम पिया। ब्रिगेडियर हैडक्वार्टर को मेजर सोमनाथ का आखिरी संदेश बेहद मर्मस्पर्शी था। मेजर ने कहा- दुश्मन हमसे पचास गज दूरी पर है। हमारी तादाद न के बराबर है और हम जबरदस्त गोलाबारी से घिरे हैं, लेकिन मैं एक इंच भी पीछे नहीं हटूंगा, जब तक हमारे पास आखिरी गोली और आखिरी फौजी है। हम आखिरी सांस तक लड़ेंगे।



मेजर सोमनाथ शर्मा
जन्म : 31 जनवरी, 1923
मृत्यु : 3 नवंबर, 1947

मेजर सोमनाथ शर्मा का जन्म 31 जनवरी 1923 को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के डाढ़ में हुआ। वे एक प्रतिष्ठित सैन्य परिवार से थे। उनके पिता मेजर जनरल अमर नाथ शर्मा सशस्त्र चिकित्सा सेवाओं के महानिदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए। उनके भाई लेफ्टिनेंट जनरल सुरिंदर नाथ शर्मा तथा जनरल विश्व नाथ शर्मा (सेना प्रमुख, 1988-1990) भी भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी रहे, जबकि उनकी बहन मेजर कमला तिवारी सेना में चिकित्सक थीं। उन्होंने शेरवुड कॉलेज, नैनीताल से स्कूली शिक्षा प्राप्त की और बाद में देहरादून के प्रिंस ऑफ वेल्स रॉयल मिलिट्री कॉलेज तथा रॉयल मिलिट्री कॉलेज, सैंडहर्स्ट से सैन्य प्रशिक्षण लिया। बचपन में वे भगवद्गीता से प्रभावित थे, जिसकी शिक्षा उन्हें उनके दादा पंडित दौलत राम से मिली।

22 फरवरी 1942 को उन्हें 8वीं बटालियन, 19वीं हैदराबाद रेजिमेंट (बाद में 4वीं बटालियन, कुमाऊं रेजिमेंट) में कमीशन मिला। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने बर्मा के अराकान अभियान में जापानी सेना के विरुद्ध वीरतापूर्वक युद्ध किया और प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। वे अपने चाचा कैप्टन केडी वासुदेव की वीरता से भी गहराई से प्रेरित थे। मेजर सोमनाथ शर्मा का जीवन साहस, कर्तव्य और बलिदान की मिसाल है, जो भारतीय सेना और राष्ट्र को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। ■



कविता

## चल मनाली

स्वामी राणा, गांव चौक, डाकघर महादेव सुंदरनगर, मंडी (हि.प्र.) मो. 85805-11797

**लैणे** नजारे दश वलिऐ, चल मनाली चल चलिऐ।
मिलणा जे तूं यारां नूं, बीच बोलेरो आ वलिऐ।
क्यूट जे तेरा नाम होवे, ब्यूटी तेरी शान होवे,
बैठ जा आके राणे नाल, तेरी वी पहचान होवे।
तैनूं वी हां प्यार होवे, तेरे नाल वी यार होवे।
लैणे नजारे दश वलिऐ, चल मनाली चल चलिऐ।
केल दे पेड़ दी छां होवे, वांहां दे बीच वांह होवे,
इक-दूजे नूं प्यार करिए, बीच ना कोई थां होवे।
मिलते दा यारां नूं, तैनूं वी हां चा होवे।
लैणे नजारे दश वलिऐ, चल मनाली चल चलिऐ।
खड्ड दे किनारे आ वलिऐ, देख नजारे आ वलिऐ,
तैनूं केहड़ा डर लग्गूंगा, यार तेरा हां वड दूंगा।
सपोर्ट हां तैनूं फुल वलिऐ, डर के ना तू रह वलिऐ।
लैणे नजारे दश वलिऐ, चल मनाली चल चलिऐ।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# राष्ट्र में जातिगत नहीं, सौहार्द और सद्भाव की आवश्यकता



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गैहरा (चंबा)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

संपूर्ण विश्व को 'वसुधैव कुटुंबकम्' का दिव्यता से परिपूर्ण संदेश देने वाले राष्ट्र और समाज में यदि जातीय आधार पर विभाजन और नियमों की व्यवस्था की आवश्यकता महसूस हो तो यह निस्संदेह बेहद चिंताजनक और चिंतन का विषय है जो हमारी भावी पीढ़ी को एक ऐसी दिशा में ले जाएगी,जो संवाद और सद्भाव से नहीं, बल्कि विवाद और विरोधाभास पर आधारित होगी।

स्वतंत्रता प्राप्ति के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर राष्ट्र में अभी भी ये हालात और नजरिया है तो निस्संदेह मानसिकता और प्रतिबद्धता में कुछ कमी है। भारत विविधताओं का देश है-भाषा, संस्कृति, परंपरा, वेशभूषा और जीवनशैली में अनेक रंग दिखाई देते हैं, किंतु इन विविधताओं के बीच एकता ही इस राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति रही है। दुर्भाग्य से समय-समय पर जाति आधारित भेदभाव ने समाज को कमजोर करने का प्रयास किया है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम जातिगत विभाजन से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ें और समाज में सौहार्द, सद्भाव तथा समानता की भावना को मजबूत करें।

भारत के महान पुरुषों ने सदैव मानवता को जाति से ऊपर रखा। महात्मा गांधी ने कहा था, 'मैं ऐसे भारत का सपना देखता हूं, जहां ऊंच-नीच का कोई भेद न हो और हर व्यक्ति को समान सम्मान मिले।' उन्होंने हरिजन सेवा के माध्यम से समाज में समानता और आत्मसम्मान की भावना जगाने का प्रयास किया। उनका मानना था कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब सबसे कमजोर व्यक्ति को भी बराबरी का अवसर मिले।

इसी प्रकार डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए। उनका स्पष्ट संदेश था कि सामाजिक समानता के बिना लोकतंत्र अधूरा है। उन्होंने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा साधन बताया और कहा, 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो।' यह संदेश आज भी युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है।

स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को जागृत करते हुए कहा था, 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको।' उनका मानना था कि हर मनुष्य के भीतर दिव्यता है और किसी को भी जन्म के आधार पर छोटा या बड़ा नहीं समझा जाना चाहिए। उनके विचार आज भी युवाओं को आत्मविश्वास, सेवा और राष्ट्रप्रेम की ओर प्रेरित करते हैं।

जाति आधारित भेदभाव केवल सामाजिक विभाजन नहीं, बल्कि विकास की गति को भी धीमा करता है। जब समाज का



एक वर्ग पीछे रह जाता है, तो पूरे राष्ट्र की प्रगति प्रभावित होती है। इसलिए आवश्यक है कि हर नागरिक को शिक्षा, रोजगार और सम्मान के समान अवसर मिलें। समाज में समानता और भाईचारे का वातावरण ही सच्चे विकास की नींव है।

आज की युवा पीढ़ी इस परिवर्तन की सबसे बड़ी आशा है। आज की युवा पीढ़ी किसी भी शर्त पर इस विभेद को स्वीकार नहीं करती। वह जाति और भेदभाव से ऊपर उठकर नई सोच को अपनाने में सक्षम हैं। सोशल मीडिया, शिक्षा और जागरूकता के कारण नई पीढ़ी समानता और मानवता को अधिक महत्व दे रही है। यदि युवाओं को सही दिशा और प्रेरणा मिले तो वे समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। युवाओं को चाहिए कि वे मित्रता, सहयोग और परस्पर सम्मान की भावना को बढ़ावा दें। विद्यालयों और महाविद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल और सामूहिक गतिविधियां युवाओं को जाति से परे एक-दूसरे को समझने का अवसर देती हैं।

जब युवा साथ काम करते हैं, साथ सीखते हैं, तो भेदभाव की दीवारें स्वतः गिरने लगती हैं। रवींद्रनाथ टैगोर ने मानवता को सर्वोपरि बताते हुए कहा था कि मनुष्य का असली धर्म मानवता है। यदि हम एक-दूसरे को मनुष्य के रूप में देखें, न कि जाति के आधार पर, तो समाज में सौहार्द और सद्भाव स्वतः बढ़ेगा।

समाज में सद्भाव बनाए रखने के लिए परिवार और शिक्षकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि बच्चों को बचपन से ही समानता, सहयोग और सम्मान के संस्कार दिए जाएं, तो भविष्य में समाज अधिक समरस, संवेदनशील और मजबूत बन सकता है। शिक्षक और अभिभावक यदि अपने व्यवहार से जाति आधारित पूर्वाग्रहों को त्याग दें, तो आने वाली पीढ़ी स्वतः भेदभाव से मुक्त होगी।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सामूहिक कार्यक्रम-जैसे सामाजिक सेवा, रक्तदान, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण-समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ जोड़ते हैं। जब लोग किसी सकारात्मक उद्देश्य के लिए मिलकर काम करते हैं, तो जाति, वर्ग और सामाजिक भेद स्वतः ही गौण हो जाते हैं। आज आवश्यकता केवल कानून बनाने की नहीं, बल्कि सोच में परिवर्तन लाने की है। बदलाव बाहर से नहीं, बल्कि भीतर से शुरू होता है।

हमें अपने व्यवहार, भाषा और दृष्टिकोण में समानता लानी होगी, क्योंकि किसी भी प्रकार का भेदभाव राष्ट्र की एकता को कमजोर करता है। राष्ट्र निर्माण का अर्थ केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और मानवीय मूल्यों का संरक्षण भी है। युवा पीढ़ी को चाहिए कि वह शिक्षा, विज्ञान और सकारात्मक सोच के साथ समानता और भाईचारे का संदेश फैलाए। मनुष्य की पहचान उसकी जाति नहीं, बल्कि उसके कर्म, चरित्र और मानवीय गुणों से होती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारतीय ज्ञान परंपरा : आत्ममुग्धता से आगे, सहभागिता की पुकार



अन्नू रानी शर्मा
स्वतंत्र लेखिका
मो. 7986929662


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारतीय ज्ञान परंपरा, जिसे आज इंडियन नॉलेज सिस्टम्स (आईकेएस) के नाम से जाना जाता है, एक बार फिर सार्वजनिक विमर्श के केंद्र में लौट रही है। हाल ही में भारत सरकार द्वारा जारी एक सूचनात्मक विज्ञापन ने इस विषय को नई गंभीरता के साथ सामने रखा है।

इस विज्ञापन के माध्यम से शोधकर्ताओं को आईकेएस से जुड़े विविध विषयों पर अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित किया गया है। यह कोई साधारण सरकारी सूचना नहीं है, बल्कि यह एक स्पष्ट संकेत है कि देश अब अपनी परंपरागत ज्ञान-व्यवस्था को केवल विरासत के रूप में नहीं, बल्कि भविष्य के संसाधन के रूप में देखने लगा है। यह स्थिति हमें आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करती है कि क्या हम वास्तव में अपनी ज्ञान-परंपरा को समझते हैं, या केवल उस पर गर्व कर लेना ही पर्याप्त मान लेते हैं?

शिक्षा मंत्रालय के इंडियन नॉलेज सिस्टम्स (आईकेएस) रिसर्च प्रपोजल्स के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिनकी अंतिम तिथि 30 जनवरी 2026 है। यह पहल शोधार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों पर मौलिक अनुसंधान का अवसर प्रदान करती है। इस सूचना का महत्व केवल आर्थिक अनुदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस बात का संकेत है कि भारतीय ज्ञान परंपरा को अब औपचारिक शिक्षा, अनुसंधान और नीति निर्माण की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। यह प्रयास केवल अकादमिक जगत तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि इसके लिए समाज की व्यापक सहभागिता आवश्यक है।

अक्सर भारतीय ज्ञान प्रणाली को प्राचीन उपलब्धियों-जैसे चरक, सुश्रुत, आर्यभट या शंकराचार्य तक सीमित कर दिया जाता है, जबकि वास्तविकता यह है कि भारतीय





ज्ञान परंपरा केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि एक जीवंत और निरंतर विकसित होती परंपरा है। इसमें दर्शन, विज्ञान, गणित, चिकित्सा, भाषा, साहित्य, कला, समाजशास्त्र और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व की समग्र दृष्टि निहित है। यह ज्ञान केवल ग्रंथों या विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि लोकजीवन, परंपराओं, रीति-रिवाजों, कृषि पद्धतियों, लोकचिकित्सा और सामाजिक आचार में आज भी सर्ि,य रूप से विद्यमान है।

आईकेएस से जुड़ी सरकारी पहल को इसी व्यापक संदर्भ में समझा जाना चाहिए। इसका उद्देश्य केवल यह बताना नहीं है कि भारत के पास एक समृद्ध ज्ञान-विरासत है, बल्कि यह संकेत देना है कि इस विरासत को समकालीन चुनौतियों से जोड़ा जाए। आज स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, सामाजिक समरसता, तकनीकी नैतिकता और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में समाधान चाहिए जो संतुलन, नैतिकता और दीर्घकालिक सोच पर आधारित हों। भारतीय ज्ञान परंपरा इन क्षेत्रों में व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रस्तुत कर सकती है, यदि हम इसे वैज्ञानिक दृष्टि से समझकर आधुनिक संदर्भ में लागू करें।

आईकेएस की उपयोगिता केवल विशेषज्ञों या शोधकर्ताओं तक सीमित नहीं है। सामान्य नागरिक भी जब अपनी मातृभाषा, स्थानीय इतिहास, लोककला, पारंपरिक ज्ञान या प्रकृति-आधारित जीवन पद्धतियों को समझने का प्रयास करता है, तो वह अनजाने में इस ज्ञान परंपरा का संवाहक बन जाता है। यह केवल सांस्कृतिक गर्व नहीं जगाता, बल्कि उत्तरदायित्व की भावना भी पैदा करता है।

सिर्फ संस्थागत प्रयास पर्याप्त नहीं हैं; सामाजिक सहभागिता अनिवार्य है। आईकेएस एक आमंत्रण है-शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों के लिए कि वे इसे समझें और आगे बढ़ाएं। जब हम इसे अपनाते हैं, तो गर्व के साथ इसे संरक्षित और विकसित करने का दायित्व भी उठता है। यही सक्रिय अध्ययन और सृजन की दिशा है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# सामाजिक समरसता और भक्ति के प्रेरक महान संत गुरु रविदास



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक
नूरपुर, जिला कांगड़ा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

'मन चंगा तो कठौती में ही गंगा है।' यह दोहा 15वीं शताब्दी के महान संत गुरु रविदास का है। उनके अनुसार जातिवाद केवल दिखावा और सामाजिक भेदभाव है। समाज में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता, सभी को पूजा, पाठ और धार्मिक कर्मकांडों में समान अधिकार प्राप्त हैं। संत रविदास की तपस्या से माता गंगा स्वयं प्रसन्न हुईं और उन्हें कठौती में दर्शन देकर आशीर्वाद दिया। यह कथा केवल उनके अद्भुत भक्ति भाव को नहीं दर्शाती, बल्कि सामाजिक समरसता के उनके आदर्शों का भी प्रतीक है।

संत रविदास का जन्म गोवर्धनपुर, वाराणसी में हुआ था। उनके पिता संतोष दास और माता कलसा थीं। बचपन से ही रविदास होनहार और आत्मविश्वासी थे। उनके पिता चमड़े के जूते बनाने का व्यवसाय करते थे और रविदास ने उनके पदचिन्हों पर चलते हुए यह कार्य अपनाया। शिक्षा की प्राप्ति उन्होंने पंडित शारदा नंद से की, जो समाज की बुराइयों के खिलाफ थे। पंडित शारदा नंद ने रविदास की प्रतिभा को पहचान कर उसे शिक्षा दी और उसे न केवल धार्मिक ग्रंथों का ज्ञान दिया बल्कि समाज सुधार और नैतिक मूल्यों का भी पाठ पढ़ाया।

संत रविदास ने अपनी रचनाओं में भगवान राम, कृष्ण और हरी के प्रति गहरी भक्ति का प्रदर्शन किया। वे राम, रघुनाथ, राजा रामचंद्र, कृष्णा और हरी गोविंद जैसे शब्दों का उपयोग करते थे, जिससे उनकी धार्मिक आस्था स्पष्ट होती है। मीरा बाई, जो राजस्थान के राजा की बेटी और चितौड़ की रानी थीं, उनकी शिष्या रही और अपने जीवन में कई बार अपने गुरु रविदास से मार्गदर्शन पाई। रविदास की शिक्षाओं ने उन्हें आध्यात्मिक जीवन और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर किया। संत रविदास ने अपने जीवन में सामाजिक असमानताओं और जातिवाद का पुरजोर



विरोध किया। उस समय दलित समाज अत्यधिक उत्पीड़ित था। उन्हें मंदिरों में प्रवेश, पूजा-पाठ करने की अनुमति नहीं थी और नियम तोड़ने पर कठोर सजा दी जाती थी। रविदास ने जातिवाद और सामाजिक भेदभाव को चुनौती दी और स्पष्ट किया कि ईश्वर प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में वास करता है, चाहे वह गरीब हो या दलित। उनके अनुसार कर्म, भक्ति और चरित्र ही मनुष्य की पहचान हैं, न कि उसकी जाति या सामाजिक स्थिति।

रविदास ने अनेक चमत्कार किए। उनके एक मित्र के मृत शरीर को उन्होंने जीवित कर दिया, जिसे लोग दिव्य घटना मानते थे। ब्राह्मणों और स्वर्ण समाज द्वारा विरोध के बावजूद, रविदास ने समाज में समानता का संदेश फैलाया। राजा और सभा में उन्होंने जनेऊ दिखाकर यह प्रमाणित किया कि ईश्वर गरीब और दलित के हृदय में भी वास करते हैं। उनके कृत्य यह दर्शाते हैं कि धार्मिक भक्ति और सामाजिक न्याय साथ-साथ चलते हैं। संत रविदास जयंती माघ पूर्णिमा को मनाई जाती है। इस दिन उनके अनुयायी अमृतवाणी पढ़ते हैं, नगरों में संकीर्तन और जलूस निकालते हैं और पवित्र स्नान करते हैं। उनके जीवन और शिक्षाएं सामाजिक समरसता, मानवता और कर्म के महत्व पर आधारित हैं। उन्होंने भक्ति आंदोलन को उत्तरी भारत में अग्रसर किया और अपने अनुयायियों को धर्म, भक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रेरणा दी।

संत रविदास का प्रभाव भारत ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर भी देखा गया। मुगल सम्राट बाबर और हुमायूं उनकी भक्ति और समाज सुधार की दृष्टि से प्रभावित हुए। 15वीं शताब्दी में उन्होंने यह संदेश दिया कि समाज में समानता और भक्ति केवल शिक्षण और कर्म से संभव है। उनके अनुसार मनुष्य एक है, और सभी में ईश्वर का अंश विद्यमान है। संत रविदास ने न केवल सामाजिक असमानताओं के खिलाफ आवाज उठाई, बल्कि आम जनमानस को यह भी सिखाया कि मनुष्य के कर्म और भक्ति ही उसकी सच्ची पहचान हैं। उन्होंने दलित समाज को एक नया आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश दिया, जिससे वे अपने अधिकारों और गरिमा के प्रति सजग हो सके। उनका आदर्श आज भी प्रेरक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मालेगांव चुनाव और लोकतंत्र में धार्मिक पहचान का प्रभाव



चंद्रमोहन केवला
स्वतंत्र लेखक
मतियाना, शिमला

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हाल ही में मालेगांव नगर निगम (महाराष्ट्र, नासिक) चुनाव के परिणामों ने भारतीय लोकतंत्र के समक्ष एक महत्वपूर्ण विमर्श खड़ा कर दिया है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी समुदाय का एकतरफा मतदान अपने-आप में न तो अपराध है और न ही असंवैधानिक। लोकतंत्र प्रत्येक नागरिक को अपनी इच्छा के अनुसार मत देने का अधिकार प्रदान करता है, किंतु यहां प्रश्न केवल मतदान के अधिकार का नहीं, बल्कि मतदान की वैचारिक दिशा और उसके दीर्घकालिक प्रभावों का है।

मालेगांव में एआईएमआईएम, इस्लामिक पार्टी और समाजवादी पार्टी के पक्ष में मुस्लिम मतों का लगभग 100 प्रतिशत ध्रुवीकरण इस तथ्य की ओर इशारा करता है कि राजनीति अब नीति, विकास और सुशासन से हटकर धार्मिक पहचान के केंद्र में सिमटती जा रही है। यह चिंताजनक इसलिए भी है, क्योंकि इन दलों के नेताओं के सार्वजनिक वक्तव्यों और वैचारिक पृष्ठभूमि में बार-बार मुस्लिम तुष्टिकरण, इस्लामी शासन व्यवस्था और शरीयत के संकेत देखने को मिले हैं। इन दलों के लिए प्राथमिकता संविधान और राष्ट्र से अधिक धर्म प्रतीत होती है। जब राज्य-व्यवस्था के संचालन में धर्म सर्वोपरि माना जाए, तब यह प्रश्न उठता है कि भारत जैसे बहुलतावादी राष्ट्र में संवैधानिक समानता और कानून के शासन का भविष्य कैसा होगा।

एक कटु सच्चाई यह भी है कि हिंदुओं के लिए सुरक्षित और स्वाभाविक मातृभूमि केवल भारत ही है। इतिहास और वर्तमान दोनों ही यह दर्शाते हैं कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदू समाज को या तो पलायन करना पड़ा या भीषण उत्पीड़न झेलना पड़ा। यह किसी प्रचार का विषय नहीं, बल्कि दर्ज इतिहास और समकालीन यथार्थ है। इसके विपरीत, हिंदू परंपरा ने कभी शासन को धर्म के दंड-





विधान से नहीं जोड़ा। सनातन दर्शन का मूल संदेश 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और 'एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति' है।

हिंदू राष्ट्र की अवधारणा किसी समुदाय के बहिष्कार की नहीं, बल्कि सांस्कृतिक निरंतरता और समान न्याय की बात करती है। विडंबना यह है कि जब मुस्लिम राजनीति अक्सर धर्म के आधार पर संगठित होती है, हिंदू समाज आज भी जाति, उपजाति और क्षेत्रीय विभाजनों में बंटा हुआ है। इतिहास साक्षी है कि विभाजन की राजनीति का परिणाम क्या होता है, जैसा कि पाकिस्तान जाने वाले दलित नेता जोगेंद्र नाथ मंडल से स्पष्ट है। इस्लामी कट्टरता जाति नहीं, केवल धर्म देखती है, इसलिए हिंदू समाज का बिखराव केवल चुनावी हार ही नहीं, बल्कि नीति-निर्माण, कानून-व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा पर दीर्घकालिक असर डालता है।

मालेगांव चुनाव में मुस्लिम मतों का एकतरफा समर्थन यह दर्शाता है कि धार्मिक पहचान आधारित राजनीति अब स्पष्ट हो गई है। इसलिए आवश्यकता किसी समुदाय के खिलाफ खड़े होने की नहीं, बल्कि राष्ट्रहित के पक्ष में संगठित होने की है। हिंदू समाज को जाति, उपजाति और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर राष्ट्र-प्रथम सोच अपनानी चाहिए। मतदान केवल व्यक्तिगत अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्रीय उत्तरदायित्व है। समाज का बिखराव विभाजनकारी शक्तियों को बढ़ावा देता है। सनातन परंपरा ने हमेशा समरसता और मर्यादा की शिक्षा दी है। धर्म और पहचान आधारित राजनीति के बढ़ते प्रभाव से निपटने के लिए हिंदू समाज को संगठित, जागरूक और संवैधानिक मूल्यों पर आधारित होना आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# ‘सरकार गांव के द्वार’ समयबद्ध व स्थायी समाधान का सशक्त माध्यम: सुंदर

## गड़सा पंचायत में आयोजित हुआ ‘सरकार गांव के द्वार’ कार्यक्रम, 62 समस्याएं की गईं पंजीकृत

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत गड़सा में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने की।

लोगों को संबोधित करते हुए विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश सरकार का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जो मुख्यमंत्री सुक्खू की दूरदर्शिता व आम जनता के प्रति संवेदनशील सोच का परिणाम है। विधायक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आम जनता को त्वरित, पारदर्शी व जवाबदेह शासन उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त प्रत्येक समस्या को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल, सिंचाई, विद्युत, सड़क, राजस्व व जनहित से जुड़े सभी मामलों के निपटारे में लेटलतीफी किसी भी प्रकार की बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि शिकायतों का समाधान केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका धरातल पर प्रभाव दिखाई दे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम प्रशासन व जनता के बीच की दूरी को समाप्त करने की एक निर्णायक पहल है, जिसके माध्यम से सरकार सेवा, संवेदनशीलता और समाधान के संकल्प के साथ जनता के बीच पहुंच रही है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम को औपचारिकता नहीं, बल्कि जनसेवा के मिशन के रूप में लें और लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरें। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम पूरे प्रदेश में आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे आम लोगों को विभिन्न सरकारी सेवाओं व सुविधाओं का लाभ भी मिल रहा है। इन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकासात्मक प्रदर्शनियों का शुभारंभ एवं अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन प्रदर्शनियों के माध्यम से आम जनता को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है, जिससे लोग योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के गतिशील एवं दूरदर्शी नेतृत्व में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से जनता की समस्याओं का घर-द्वार पर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर डीसी तोरुल एस रवीश, पुलिस अधीक्षक मदन लाल, अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, उप-मंडलीय दंडाधिकारी निशांत ठाकुर, घनश्याम शर्मा, चंद्रकेश, खेम राज, राजेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



ग्रामीण अपनी अपनी समस्याएं बताते हुए। अनंत ज्ञान

### बंजार की छह पंचायतों की जनसमस्याएं सुनीं

इस कार्यक्रम के अंतर्गत बंजार विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गड़सा, भलाण-1, हुरला, ज्येष्ठ, पारली एवं दियार को शामिल किया गया है। कार्यक्रम के दौरान कुल 62 समस्याएं पंजीकृत की गईं। इनमें जल शक्ति विभाग से संबंधित 7, लोक निर्माण विभाग से 15, वन विभाग से 2, बिजली बोर्ड से 3, राजस्व विभाग से 6, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से 1, पुलिस विभाग से 1, जिला प्रशासन से 5, आरटीओ से संबंधित 2, एनएचपीसी से संबंधित 5 तथा अन्य विभागों से संबंधित 15 समस्याएं शामिल रहीं। अधिकतर समस्याओं का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया और शेष समस्याओं को संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

### एपीएमसी अध्यक्ष ने किया स्वागत

इससे पहले एपीएमसी कुल्लू और लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आम जनता को राहत पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय व जनहितकारी पहल है। उन्होंने बंजार विधानसभा क्षेत्र में इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दे रही है और प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है व शासन-प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास व अधिक मजबूत हुआ है।

# यूआईडीएआई के नए नियमों और कागजी खामियों में उलझा ‘अन्नदाता’

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूल।** हिमाचल प्रदेश में किसान पंजीकरण की प्रक्रिया किसानों व बागवानों के लिए एक अंतहीन मुसीबत बन गई है। पीएम किसान सम्मान निधि के लिए पंजीकरण की अनिवार्यता ने बुजुर्ग किसानों को दफ्तरों के चक्कर काटने पर मजबूर कर दिया है।

राजस्व रिकॉर्ड और आधार कार्ड के डेटा में मेल न होने के कारण हजारों आवेदन अधर में लटके हैं। इस समस्या में सबसे बड़ा मोड़ यूआईडीएआई के उन नए नियमों से आया है, जिसके तहत अब आधार कार्ड में पिता, माता या पति का नाम केयर ऑफ सेक्शन में स्पष्ट रूप से दर्ज नहीं किया जा रहा है। नए अपडेट के बाद आधार कार्ड के पीछे केवल पता लिखा होता है, जिसमें रिश्तों का स्पष्ट उल्लेख नहीं होता। ऐसे में जब किसान राजस्व रिकॉर्ड के साथ मिलान के लिए आधार अपडेट करवाने पहुंच रहे हैं, तो उन्हें पता चल रहा है कि नए नियमों के कारण पिता का नाम अलग से जोड़ने का प्रावधान ही सीमित कर दिया गया है। यह तकनीकी बदलाव पंजीकरण पोर्टल के लिए सबसे बड़ी बाधा बन गया है। पंजीकरण न होने का एक और मुख्य कारण राजस्व रिकॉर्ड और आधार में दर्ज नामों का अलग-अलग होना है। उदाहरण के तौर पर, यदि राजस्व रिकॉर्ड में पिता का नाम ‘नन्तू’ है और आधार में ‘नंत राम’, तो पोर्टल इसे रिजेक्ट कर रहा है। वहीं, जिन लोगों को जमीन माता से विरासत में मिली है, उनके आधार में पिता का नाम होने और राजस्व रिकॉर्ड में माता का नाम होने से सिस्टम ‘डेटा मिसमैच’ दिखा रहा है।

### बुजुर्गों में डर और तकनीकी खामियां

**चचोगी** के चुन्नी लाल और नगर के राम कृष्ण सहित अनेक किसानों ने बताया कि कई मुहाल का डेटा साइट पर ऑनलाइन ही नहीं मिल रहा है। बुजुर्गों को चिंता है कि यदि जल्द पंजीकरण नहीं हुआ, तो उनकी सम्मान निधि रुक जाएगी। हालात यह हैं कि आधार में अलग जानकारी है, राजस्व रिकॉर्ड में अलग और परिवार रजिस्टर में कुछ और डेटा के इस त्रिकोणीय संघर्ष ने किसानों को मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान कर दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### भुंतर में किन्नरों की मनमानी से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** भुंतर शहर व आसपास के इलाकों में किन्नरों की मनमानी बढ़ती जा रही है, जिससे लोग काफी परेशान हैं। लोकलाज के चलते इन्हें कोई बोलने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाते हैं। आलम यह है कि अक्सर शादी या जन्मदिन या फिर अन्य किसी समारोह में किन्नरों की मनमानी देखने को मिलती है। शिकायतें मिलती हैं कि किन्नर बधाई शुल्क के नाम पर मोटी रकम की डिमांड करते हैं, अगर कोई रकम कम देते हैं, तो वो इसे लेते नहीं पर जोर जोर से तालियां व ढोलक बजाकर उछल कूद करते हुए बहुत परेशान करते हैं। इनकी इस हरकत को देखकर लोग शर्मिंदगी महसूस करते हैं। ऐसे में किन्नर समाज की मनमानी व बधाई रकम को लेकर लोग खासे परेशान हैं। खास बात यह है कि किन्नरों ने हर इलाके में अपने एजेंट बना रखें है, जो शादी विवाह व बच्चे के जन्म आदि की सूचना इन्हें तुरंत देते हैं। अक्सर ये शिकायतें मिलती रहती हैं कि शुभ कार्यों के दौरान किन्नर आकर घरों में तमाशा करते हैं। आम जनता को बधाई दिए जाने के नाम पर लूटा जाता है या फिर मनमानी रकम नहीं दिए जाने पर परेशान किया जाता है। भुंतर के स्थानीय लोगों का आरोप है कि मनमाफिक रकम न मिलने पर बद्दुआ देने की धमकी देकर डराते हैं। इस भय से लोग मानसिक रूप से परेशान हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस व प्रशासन से मांग की है कि किन्नरों की मनमानी पर रोक लगाने की दिशा में उचित कदम उठाएं जाएं।

### रक्तदान वीरों के सम्मान से गूंजेगा देव सदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** लाहौल-स्पीति के आध्यात्मिक शिवभक्त लला मेमे की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर लला मेमे फाउंडेशन इस वर्ष 4 फरवरी को कुल्लू के देव सदन, ढालपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा। इस विशाल रक्तदान शिविर के माध्यम से न केवल रक्त एकत्रित किया जाएगा, बल्कि रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे ‘रक्तवीरों’ को विशेष रूप से सम्मानित भी किया जाएगा। इन सेवाभावी युवाओं को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को प्रेरित करना है, ताकि वे भविष्य में भी रक्तदान के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहकर समाज की रक्षा करें। इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन जोनल हस्पताल कुल्लू के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रणजीत ठाकुर द्वारा किया जाएगा। रक्तदान शिविर के संयोजक प्रेम लाल, सह-संयोजक बीजू और राज सिंघानिया ने संयुक्त बयान में बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आईटीआई, संस्कृत महाविद्यालय, आईटीबीपी, हिमाचल पुलिस, सीमा सड़क संगठन , बीआरओ, ग्रेफ, एचआरटीसी, डाइट और कुल्लू-लाहौल के युवाओं का सहयोग इस रक्तदान शिविर में रहेगा। लला मेमे फाउंडेशन के अध्यक्ष मंगल मनेपा ने बताया कि फाउंडेशन अब तक विभिन्न शिविरों के माध्यम से 8000 यूनिट रक्त एकत्रित कर चुका है और यह प्रदेश का एकमात्र ऐसा रक्तदान शिविर है, जिसमें सेना, अर्ध सेना व पुलिस के जवान रक्तदान करके लगातार पिछले चौदह सालों से समाज को सेवा के लिए प्रेरित करते आ रहे हैं। आपातकालीन स्थिति में फाउंडेशन व्हाट्सऐप के माध्यम से कुल्लू, बिलासपुर, शिमला और चंडीगढ़ में रक्त का प्रबंध करता है।

### यूनियन ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल/मनाली।** टैक्सी मैक्सी ऑपरेटर्स यूनियन मनाली ने अपनी मांगों को लेकर मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ से उनके निवास स्थान पर मुलाकात कर अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने कहा कि कुछ लोग उनपर आरोप लगा रहे हैं कि यूनियन में पंजीकृत बोलेरा कैंपर में सवारियां नहीं बिठाई जा सकतीं। यूनियन के महासचिव राम रतन शर्मा ने बताया कि यूनियन के जिस भी सदस्य के पास बोलेरा कैंपर है, वे सभी गाड़ी का पैसेंजर टैक्स सरकार को दे रहे हैं। इसके तहत उन्हें सवारियां लाने ले जाने का पूरा अधिकार है। अभी हाल ही में गठित हुई टैक्सी मैक्सी ऑपरेटर्स यूनियन की उपाध्यक्ष रानू देवी ने बताया कि यूनियन से जुड़े सभी लोगों के हित सर्वोपरि हैं और जब विभाग पैसेंजर टैक्स ले रहा है, तो हमें सवारियां बिठाने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि जो भी नियमों के तहत होगा यूनियन उसको मानने के लिए पूरी तरह तैयार है। यूनियन की मांगों को लेकर जब विधायक भुवनेश्वर गौड़ से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि यूनियन ने जो भी मांगें रखी हैं उस सभी जायज मांगों को संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर सरकार के समक्ष रखा जाएगा।

# ‘बॉर्डर 2’ देखने कुल्लू पहुंचे सनी देओल शोभाला मल्टीप्लेक्स में हुआ भव्य स्वागत



कुल्लू के शोभला मल्टीप्लेक्स में अपनी बॉर्डर-2 फिल्म देखने पहुंचे अभिनेता सन्नी देओल प्रशंसकों के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सनी देओल शुक्रवार को अपनी हिट फिल्म ‘बॉर्डर 2’ देखने के लिए कुल्लू के शोभाला मल्टीप्लेक्स पहुंचे।

उनके आगमन से मल्टीप्लेक्स परिसर में खासा उत्साह देखने को मिला। शोभला मल्टीप्लेक्स पहुंचने पर संचालक भाविक ठाकुर ने सनी देओल का पुष्प गुच्छा भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद सनी देओल कुछ समय के लिए रेस्ट रूम में गए और फिर सीधे फिल्म देखने के लिए सिनेमा हॉल में प्रवेश किया। ‘बॉर्डर 2’, वर्ष 1997 में रिलीज हुई सुपरहिट देशभक्ति फिल्म ‘बॉर्डर’ की सीक्वल है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है और युवा सैनिकों के साहस, बलिदान व देशभक्ति की भावनाओं को दर्शाती है। फिल्म में सनी देओल एक बार फिर दमदार भूमिका में नजर आ रहे हैं। वे लेफ्टिनेंट कर्नल फतेह सिंह कलेर का किरदार निभा रहे हैं। उनके साथ फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

# दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े विधायक

## बड़ाग्रां के सोखणी गांव में अग्निकांड प्रभावित क्षेत्र का लिया जायजा

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ शुक्रवार को ग्राम पंचायत बड़ाग्रां के सोखणी गांव पहुंचे, जहां उन्होंने पिछले दिनों सूरत राम के घर में हुई भीषण आगजनी की घटना का मौके पर जाकर जायजा लिया। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है, जिस पर विधायक ने गहरी संवेदना प्रकट की। हादसे वाली जगह का निरीक्षण करने के बाद भुवनेश्वर गौड़ ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि एक परिवार के लिए अपना आशियाना जलते हुए देखना अत्यंत पीड़ादायक होता है। विधायक ने आश्वासन दिया कि इस कठिन समय में वह और पूरी सरकार परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। विधायक ने जानकारी दी कि घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन को तुरंत राहत कार्य के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया, ‘प्रशासन की ओर से पिछले कल ही पीड़ित परिवार को फौरी राहत राशि व आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवा दी गई है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि नुकसान का विस्तृत आकलन जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि परिवार को सरकारी नियमों के तहत उचित मुआवजा मिल सके।



अग्निकांड प्रभावित परिवार का दुख साझा करते विधायक। अनंत ज्ञान

### जनता से सहयोग की भावुक अपील

**भुवनेश्वर** गौड़ ने स्थानीय जनता व सामाजिक संस्थाओं से भी इस नेक कार्य में हाथ बंटाने की अपील की। उन्होंने कहा: ईश्वर से प्रार्थना है कि वे परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दें। मेरा क्षेत्रवासियों से भी आग्रह है कि इस समय मानवता और सहयोग के भाव से आगे आकर पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करें। दुख की इस घड़ी में एक-दूसरे का साथ देना ही सच्ची सेवा है।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी विनम्र श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के प्रांगण में 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस मौन सभा में मंडलीय आयुक्त आर के पुरुथी विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा इसमें उपायुक्त कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारी ने भाग लिया।

इसके माध्यम से राष्ट्रपिता तथा राष्ट्र मुक्ति आंदोलन में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने श्रद्धांजलि सभा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने राष्ट्र मुक्ति आंदोलन में जनता की व्यापक भागीदारी के लिए पूरे देश को प्रेरित किया था। उनके प्रयासों से कई लोग राष्ट्र मुक्ति आंदोलन में राष्ट्र की स्वतंत्रता आन्दोलन संघर्ष के लिए आगे आए थे।

# एबीवीआईएमएएस ने शुरू किए शीतकालीन खेल पाठ्यक्रम

## 109 प्रतिभागी ले रहे बेसिक एवं एडवांस स्कीइंग कोर्स में भाग

अनंत ज्ञान

**मनाली।** अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स (एबीवीआईएमएएस) ने शीतकालीन खेल सत्र की शुरुआत करते हुए अपने बहुप्रतीक्षित स्कीइंग पाठ्यक्रमों का शुभारंभ कर दिया है। देश के विभिन्न राज्यों से आए कुल 109 प्रतिभागी बेसिक एवं एडवांस स्कीइंग कोर्स में भाग ले रहे हैं।

14 दिन तक चलने वाले यह पाठ्यक्रम 27 जनवरी से शुरू हुए। इन प्रतिभागियों को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक व तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि इससे पूर्व 13 जनवरी से प्रारंभ होने वाला स्कीइंग कोर्स पर्याप्त हिमपात न होने तथा प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के कारण रद्द करना पड़ा था। बाद में मौसम एवं बर्फ की स्थिति अनुकूल होने पर वर्तमान पाठ्यक्रमों को सुरक्षित रूप से प्रारंभ किया गया। एक महत्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित पहल के तहत एबीवीआईएमएएस पहली बार स्नोबोर्डिंग कोर्स शुरू करने जा रहा है। यह संस्थान की एक नई पहल है, जिसे सीमित सीटों के साथ संचालित किया जाएगा, ताकि प्रतिभागियों को गुणवत्तापूर्ण व केंद्रित प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

इस पहल से शीतकालीन खेलों के क्षेत्र में विविधता आएगी व युवाओं में नई संभावनाएं सृजित होंगी। अधिकारियों ने बताया कि बेसिक व इंटरमीडिएट स्कीइंग कोर्स की अगली श्रृंखला 14 जनवरी 2026 से प्रारंभ की जाएगी, जिससे इच्छुक प्रतिभागियों को आगामी सत्रों में प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। एबीवीआईएमएएस के निदेशक अविनाश नेगी ने बताया कि संस्थान ने अब तक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए हैं, जिन्होंने देश का नाम विभिन्न मंचों पर रोशन किया है। साथ ही, संस्थान ने साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। संस्थान द्वारा दिया जा रहा यह प्रशिक्षण युवाओं को स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करता है, जिससे वे स्की प्रशिक्षक, गाइड व साहसिक खेलों से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में अपना भविष्य बना सकें। संस्थान न केवल शीतकालीन खेलों को नई दिशा दे रहा है, बल्कि पर्यटन, रोजगार व खेल संस्कृति को भी सशक्त बना रहा है।



बेसिक एवं एडवांस स्कीइंग कोर्स में भाग ले रहे प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

# छात्राओं ने प्रस्तुत की जागरूकता गतिविधियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय वर्ल्ड लेप्रोसी व स्पर्श लेप्रोसी कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रंजीत ठाकुर के दिशा-निर्देशों में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में नर्सिंग छात्राओं द्वारा अनेक गतिविधियां कराई गई। इसमें डेक्लामेशन, पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन, स्लोगन राइटिंग कॉम्पिटिशन, स्किट ऑर्गनाइज किए गए व सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। जिला जनसंपर्क व संप्रेषण अधिकारी निर्मला महंत ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रंजीत ठाकुर की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया और विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के साथ-साथ 80 प्रतिभागियों ने भी हिस्सा लिया।

# लाहौल-स्पीति जिले में सड़कों की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी

अनंत ज्ञान

**केलांग।** बीआरओ द्वारा मनाली-केलांग सड़क मार्ग की बहाली के बाद अब लाहौल-स्पीति जिले की आंतरिक सड़कों को खोलने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है और यह कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को घाटी के अंदर सभी संपर्क सड़कों को जल्द बहाल करने के निर्देश दिए हैं। विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि लाहौल एवं स्पीति जिले के विभिन्न संपर्क मार्गों पर पीडब्ल्यूडी द्वारा तेजी से सड़क बहाली का कार्य किया जा रहा है। सभी सड़कों को जल्द से जल्द यातायात के लिए खोलने के आदेश दिए गए हैं, जिसकी प्रगति की वे स्वयं लगातार समीक्षा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि घाटी में बर्फ हटाने के लिए आवश्यक मशीनरी और जेसीबी तैनात कर दी गई है। लाहौल घाटी में इस समय 3 से 5 फुट तक बर्फ जमी हुई है। बर्फ हटते ही जल्द ही घाटी के अंदर बस सेवाएं शुरू हो जाएंगी, जिससे सभी गांव जिला मुख्यालय केलांग से दोबारा जुड़ सकेंगे। सड़कों की बहाली से न केवल स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि लाहुल के पर्यटन को भी नई गति मिलेगी।



**रोष** बर्फबारी के 8 दिन बाद भी मनाली बस स्टैंड नहीं पहुंच पा रही निजी और सरकारी बसें

# पर्यटकों और स्थानीय लोगों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

अनंत ज्ञान

**मनाली।** बर्फबारी के 8 दिन बाद भी निजी व सरकारी बसें मनाली बस स्टैंड तक नहीं पहुंच पा रही हैं।

स्थानीय यात्रियों सहित पर्यटकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मनाली में ऐसा पहली बार हुआ है कि रोड साफ होने पर भी बसों की आवाजाही को रोक गया है। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर काफी रोष है कि बसों की आवाजाही को बंद करके रखा गया है। कुल्लू-मनाली एनएच की बहाली को लेकर कुल्लू-मनाली एनएच के प्रोजेक्ट मैनेजर आकाश चौधरी ने बताया कि वीरवार को कुल्लू से मनाली तक एनएच सभी प्रकार के वाहनों के लिए बहाल कर दिया गया था। शुक्रवार सुबह हालांकि मनाली पुलिस की ओर से अधिसूचना जारी की गई है कि निजी व सरकारी बसों की आवाजाही वोल्वो बस स्टैंड तक होगी और अगर मौसम प्रतिकूल होता है तो आवाजाही रोक दी जाएगी। हालांकि, मनाली के एचआरटीसी बस स्टैंड पर अभी भी 4 इंच बर्फ है, जिसे एचआरटीसी द्वारा अभी तक हटाए जाने की जहमत नहीं उठाई है और बस स्टैंड से 4×4 गाड़ियां पतलीकूहल तक सवारियां ढो रही हैं, जो मनाली से पतलीकूहल का प्रति व्यक्ति 2 हजार रुपए ले रहे हैं।

बस स्टैंड से बर्फ हटाने को लेकर जब एचआरटीसी के मनाली अड्डा इंचार्ज राम सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि प्रशासन को जेसीबी की रिक्वायरमेंट वीरवार को दे दी गई थी, लेकिन जेसीबी उपलब्ध न होने के चलते बस स्टैंड से बर्फ नहीं हटाई जा सकी है। उन्होंने कहा कि शनिवार तक बर्फ हटा दी जाएगी। हालांकि, वोल्वो बस स्टैंड से लेकर भूतनाथ मंदिर तक सड़क बिलकुल साफ है और सड़क के दोनों और छोटी गाड़ियां लगी हैं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि शुक्रवार से सभी वोल्वो बसों तथा सभी दैनिक रूटों पर संचालित बसों को राइट बैंक मार्ग से वोल्वो बस स्टैंड, मनाली तक आने की अनुमति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि सड़क पर बर्फ होने के चलते गाड़ियां भूतनाथ मंदिर तक नहीं आ सकेंगी ।



फाइल फोटो।

### अब राइट बैंक मार्ग से सीधे मनाली बस स्टैंड पहुंच सकेंगी वोल्वो बसें

**मनाली।** मनाली आने-जाने वाले पर्यटकों व स्थानीय निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। कुल्लू पुलिस ने शुक्रवार को एक नई ट्रैफिक एडवाइजरी जारी करते हुए परिवहन व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव किया है, अब सभी वोल्वो बसों सहित दैनिक रूटों पर चलने वाली अन्य बसों को राइट बैंक मार्ग से होते हुए सीधे मनाली वोल्वो बस स्टैंड तक आने की अनुमति दे दी गई है।

प्रशासन का यह निर्णय यात्रियों की सुविधा और यातायात को अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह नई व्यवस्था पूरी तरह से मौसम की स्थिति के अधीन रहेगी। यदि क्षेत्र में भारी बारिश, बर्फबारी होती है या सड़कों पर फिसलन और दृश्यता कम होने जैसी स्थिति पैदा होती है, तो यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए इस व्यवस्था में तुरंत बदलाव किया जा सकता है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि खराब मौसम की स्थिति में इस अनुमति को अस्थायी रूप से स्थगित भी किया जा सकता है। यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के लिए कुल्लू पुलिस ने संबंधित विभागों और यातायात पुलिस को जरूरी दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। सभी बस चालकों व परिचालकों को हिदायत दी गई है कि वे निर्धारित राइट बैंक मार्ग का ही कड़ाई से पालन करें।

इसके साथ ही, यात्रा के दौरान यातायात नियमों और प्रशासन द्वारा समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशों का उल्लंघन करने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। कुल्लू पुलिस ने आम नागरिकों और मनाली घूमने आए पर्यटकों से अपील की है कि वे सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें। यात्रा शुरू करने से पहले मौसम के मिजाज व मार्ग की ताजा स्थिति के बारे में जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। यह नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है और आने वाले दिनों में मौसम के बदलाव के अनुसार इसमें आवश्यक संशोधन किए जा सकते हैं।

# कुल्लू में स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में उतरे लोग



स्मार्ट मीटर के विरोध में डीसी को ज्ञापन सौंपने जाते ग्रामीण। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** स्मार्ट मीटर के विरोध में अब कुल्लू के स्थानीय लोगों ने भी अपना विरोध दर्ज करवाना शुरू कर दिया है।

कुल्लू जिले में भी घाटी के छह महिला मंडलों ने डीसी के माध्यम से प्रदेश सरकार को स्मार्ट मीटर के विरोध में ज्ञापन सौंपा है। महिला मंडल के सदस्यों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने से उन्हें इसका नुकसान झेलना पड़ेगा। विरोध में उतरे महिला मंडलों का कहना है कि पहले से लगे डिजिटल मीटर का बिल में भर रहे हैं, लेकिन स्मार्ट मीटर आने के बाद लोगों को पहले ही रिचार्ज करना पड़ेगा। गांवों में बहुत से ऐसे लोग हैं, जो इसके लिए सक्षम नहीं है। अलग से एक अन्य सिम भी खरीदनी पड़ेगी, जिसका खर्चा भी वो नहीं उठा सकते हैं। घाटी में बहुत से महिला मंडल इसका विरोध कर रहे हैं। इस दौरान महिला मंडलो के साथ आये समाज सेवी हुकुम नेगी ने बताया कि मैं खुद बिजली विभाग से रिटायर्ड कर्मचारी हूं। हम स्मार्ट मीटर का विरोध करते हैं, क्योंकि ये बिल्कुल भी तर्कसंगत नहीं है।

ग्रामीण क्षेत्रों में सिग्नल की भी समस्या रहती है और ऐसे में अगर जल्द बिजली बिल नहीं भरा जाएगा, तो मीटर काट दिया जाएगा। इसके बाद अतिरिक्त जुर्माना भरकर मीटर लगाना पड़ेगा, जो बिलकुल भी तर्कसंगत नहीं है। लोगों को इसका आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ेगा, ऐसे में उन्होंने प्रदेश सरकार से इस योजना को रद्द करने की मांग की है। जयवीर महिला मंडल कि प्रधान सुनीता ने कहा कि हमारे गांव में दो जगह स्मार्ट मीटर लगे हैं और इसका नुकसान भी हमें देखने को मिल रहा है।

आज उपायुक्त के माध्यम से हमने प्रदेश सरकार को इस मीटर को न लगाने के बारे में एक ज्ञापन भेजा है. गांव में बहुत से बुजुर्ग और अनपढ़ लोग भी रहते हैं, जिन्हें रिचार्ज करवाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही कई दफा घाटी में सिग्नल भी नहीं होता है। ऐसे में अगर रिचार्ज नहीं होगा तो लोगों को अंधेरे में गुजारा करना पड़ेगा इसलिए प्रदेश सरकार से ये मांग रखी है कि स्मार्ट मीटर को ना लगाया जाए जो पुराने डिजिटल मीटर लगाए गए हैं। उसी के माध्यम से बिजली सुचारू रूप से जारी रखी जाए, ताकि उन्हें किसी परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन दिवसीय आईईईई टेकिथॉन'26 शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अथर्व विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं चांसलर सुनील राणे ने राष्ट्रीय स्तर के तीन दिवसीय आईईईई टेकिथॉन'26 - एमआईआरए-एआई का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डेटाविव टेक्नोलॉजीज के सीईओ एवं मुख्य अतिथि वेदांत अहलूवालिया ने भविष्य की प्रौद्योगिकियों को आकार देने में डेटा-संचालित इंटेलिजेंस, नवाचार-आधारित उद्यमिता तथा उद्योग-अकादमिक सहयोग की परिवर्तनकारी भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान सुनील राणे ने चयनित मेधावी छात्र परियोजनाओं के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा भी की। 'फ्रॉम थॉट टू इनोवेशन' थीम पर आधारित इस आईईईई टेकिथॉन'26 में देशभर से 110 से अधिक प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए जा रहे हैं। आयोजन में टेक और टेड टॉक्स, उच्च-ऊर्जा तकनीकी सत्रों के साथ 500 से अधिक छात्रों एवं 100 बाहरी टीमों की भागीदारी वाला राष्ट्रीय स्तर का हैकथॉन भी शामिल है, जो भविष्य के इंजीनियरों और युवा इनोवेटर्स को सशक्त मंच प्रदान करता है।

### नाहन में मानवाधिकारों की स्थिति का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष निगरानीकर्ता बालकृष्ण गोयल ने सिरमौर प्रवास के दौरान आदर्श केंद्रीय कारागार नाहन का निरीक्षण कर कैदियों के मानवाधिकारों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक स्वायत्त वैधानिक संस्था है, जिसका उद्देश्य मानवाधिकार उल्लंघनों की जांच, सुधार गृहों का निरीक्षण तथा मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयोग देश में मानवाधिकारों का प्रहरी है और अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन से समन्वय रखता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारागार में चिकित्सा सुविधाओं को और सुदृढ़ करने, बिस्तरों की क्षमता बढ़ाने तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा को मजबूत करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने पच्छाद के नाली चंदोग आंगनबाड़ी केंद्र व नाल स्थित आदर्श बाल निकेतन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

### कार टक्कर के बाद पुलिस कर्मी से मारपीट

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में कारों की टक्कर के बाद यातायात इकाई में तैनात एक पुलिस कर्मी के साथ मारपीट व गाली-गलौज का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस थाना नाहन में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। शिकायतकर्ता आरक्षी गौरव ने बताया कि वह बवेजा पेट्रोल पंप पर अपनी कार में तेल डलवा रहा था, तभी उसके भाई ने फोन कर साईं अस्पताल के पास उनकी कार को टक्कर लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर कार चालक सचिन और उसके साथी हरदीप व तुषार ने उनके साथ मारपीट की। मारपीट में आरक्षी गौरव को टांग, हाथ, मुंह व सिर पर चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं व मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। एसपी निश्चिंत सिंह नेगी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### चुनावों में देरी कांग्रेस की जनविरोधी नीति का संकेत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया है कि पंचायत चुनाव समय पर न करवाना, निर्वाचित प्रधानों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखना और अध्यापकों को पंचायतों का प्रशासक नियुक्त करना सीधे तौर पर ग्रामीण विकास और पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर करने जैसा है। डोगरा ने कहा कि पंचायत व्यवस्था संविधान की आत्मा और ग्रामीण भारत की रीढ़ है, लेकिन वर्तमान सरकार इसे जानबूझकर कमजोर कर रही है। इसके चलते गांवों में विकास कार्य ठप हैं और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार से पंचायत चुनाव तुरंत कराने, निर्वाचित प्रतिनिधियों को पूर्ण अधिकार देने और अध्यापकों को प्रशासक बनाने का निर्णय वापस लेने की मांग की, ताकि पंचायतें स्वतंत्र रूप से विकास कार्य कर सकें।

### राष्ट्र रक्षकों के सम्मान के लिए कार्यक्रम पहली को

**अनंत ज्ञान, सराहां।** अंचल श्री रेणुकाजी के संच सराहां ओर जामन की सेर के तत्वाधान में, राष्ट्र रक्षकों के समान हेतु एक विशेष कार्यक्रम सराहां बाई पास में 01 फरवरी 2026 को प्रातः 10:45 बजे आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए हिन्दू नेता व सच अध्यक्ष जामुन की सेर विनोद शर्मा ने बताया कि इस कार्यकम मे जाने माने समाज सेवक विनोज शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे जबकिसुश्री सुनील जी सेवानिवृत शिक्षा विभाग (शाखी) विशिष्ट अतिथि होंगे मुख्य वक्ता सुनील ठाकुर व आयोजक अंचल समिति व संघ समिति जामन की सेर होंगे

### शांडिल ने बंसल के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने शूलिनी समाचार पत्र के सम्पादक एवं वरिष्ठ पत्रकार सतीश बंसल के पिता अमर नाथ बंसल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अमर नाथ बंसल का आज प्रातः निधन हो गया। वह पिछले काफी समय से अस्वस्थ्य थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि स्व. अमर नाथ बंसल जीवन भर समाज के कमज़ोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्यरत रहे। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के माध्यम से स्व. बंसल ने लोगों के लिए निःस्वार्थ भावना से कार्य किया। उनके समर्पण और समाज सेवा की भावना को सदैव याद रखा जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने परम पिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### गोयल ने किया डे केयर सेंटर का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष निगरानीकर्ता बालकृष्ण गोयल ने आज अपने सिरमौर प्रवास के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्थापित डे केयर सेंटर नाहन का निरीक्षण किया। उन्होंने डे-केयर सेन्टर नाहन में वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और उन्हें उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा कार्य प्रणाली पर संतुष्टि व्यक्त की। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष निगरानीकर्ता बालकृष्ण गोयल ने जिला कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि वे जिला में वरिष्ठ नागरिकां के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित करवाएं। इससे पूर्व राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष निगरानीकर्ता ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शंभू वाला का भी निरीक्षण करते हुए वहां उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा संतुष्टि व्यक्त की।

# आंजी में निर्माणाधीन प्लॉट का डंगा गिरा, लाखों का नुकसान

## बड़ा हादसा टला, कर्मचारी सुरक्षित, रॉ मैटेरियल मलबे में दबा, उत्पादन प्रभावित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, सोलन।** शहर के वार्ड- 16 स्थित एक निर्माणाधीन प्लॉट का डंगा वीरवार को देर रात अचानक ढह गया। इस घटना से सटी रोसीएट फार्मा कंपनी की इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है। कंपनी का एक ढांचा भी इस दौरान ढह गया। गनीमत रही कि ढांचा गिरने के वक्त वहाँ कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के मुताबिक, रोसीएट फार्मा कंपनी के बगल में पिछले कई महीनों से एक प्लॉट की कटाई का काम चल रहा था। इस दौरान, फार्मा कंपनी के ढंगे के ठीक बगल में एक और डंगा लगा दिया गया था। इस डंगे के साथ लगते प्लॉट में मलबा डंप किया जा रहा था। बीते दिनों हुई भारी बारिश के कारण डंगे में पानी रिस रहा था, जिस वजह से


निर्माणाधीन ढांचा गिरने से फार्मा कंपनी को हुआ नुकसान। अनंत ज्ञान

◆ **फार्मा कंपनी की इमारत और ढांचा क्षतिग्रस्त**

वीरवार शाम को वह डंगा ढह गया। कंपनी की एमडी रश्मि भर सूद का कहना है कि दिन के समय वहां लगभग 100 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। यदि डंगा दिन के वक्त गिरा होता, तो कई लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी। बताया जा रहा है कि इस घटना से फार्मा कंपनी को लगभग 30 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। कंपनी का रॉ मैटेरियल भी डंगे के नीचे रखा हुआ था, जो अब मलबे में दब गया है। कंपनी प्रबंधन का कहना है कि इस घटना के बाद कंपनी में का उत्पादन प्रभावित हुआ है।

# विधायक विनय कुमार नहीं करवा पाए रेणुका का विकास : रावत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान में आरोप लगाया कि रेणुका के कांग्रेसी विधायक एवं पीसीसी अध्यक्ष विनय कुमार अपने 3 साल के कार्यकाल में रेणुका का विकास करवाने में नाकाम रहे हैं। जबकि उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले रेणुका की जनता को विकास करवाने के बड़े-बड़े सपने दिखाए थे जो आज भी सपने बनकर ही रह गए हैं। रावत ने कहा कि रेणुका के कांग्रेसी विधायक विनय कुमार अंतरराष्ट्रीय मेला रेणुका में भी मुख्यमंत्री को लाने में नाकाम रहे हैं। जहां पर मुख्यमंत्री रेणुका के साथ-साथ पांचो विधानसभा चुनाव क्षेत्र के लिए रेणुमंच से विकास की घोषणाएं करते थे यह परंपरा भी कांग्रेस ने ही तोड़ी है जिसका खामियाजा मुख्यमंत्री सुक्खू को 2027 के विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता सोशल मीडिया के माध्यम से रेणुका की जनता का विकास से ध्यान भटकाने के लिए झूठी घोषणाएं गिनवा रहे थे जबकि रेणुका की जनता को सब पता है कि जब से प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी है तब से रेणुका में विकास के पहिए पूरी तरह से थम गए हैं।



रावत ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने जनता की मांग पर जितने भी सरकारी संस्थान खोले थे वह सभी सरकारी संस्थान मुख्यमंत्री सुक्खू ने पद संभालते ही बंद कर दी है। जिससे रेणुका की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। रावत ने बताया कि जयराम ने हरिपुरधार में सिविल हॉस्पिटल विद्युत विभाग का सहायक अभियंता कार्यालय संगड़ाह में विद्युत विभाग का अधिशासी अभियंता कार्यालय एवं सहायक अभियंता कार्यालय ददाहु में विकासखंड कार्यालय एवं गाताधार में जल शक्ति विभाग का कनिष्ठ अभियंता कार्यालय खोला था लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद यह सारे सरकारी संस्थान कांग्रेस सरकार ने बंद कर दिए हैं।

# विधायक रीना कश्यप ने शलाणा पंचायत घर का किया उद्घाटन



पंचायत घर का उद्घाटन करतीं विधायक रीना कश्यप। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** राजगढ़ शहर से सटी ग्राम पंचायत शलाणा के नवनिर्मित पंचायत भवन का वीरवार को पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रीना कश्यप ने विधिवत उद्घाटन किया। इस पंचायत भवन के निर्माण पर ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 8.40 लाख रुपये की राशि व्यय की गई है। भवन में तीन कमरे, एक सभागार, रसोई तथा शौचालय की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस अवसर पर विधायक रीना कश्यप ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से पच्छाद क्षेत्र में विकास कार्यों पर रोक लगी हुई है, जिससे क्षेत्र का विकास प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में होने के बावजूद कुछ स्थानीय नेताओं की विकास कार्यों में कोई रुचि नहीं है। इसके बावजूद वे क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रधान शेखर शर्मा के कार्यकाल में पंचायत को अपना भवन मिला है, जो विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने विभिन्न सड़कों के निर्माण सहित स्वयं सहायता समूहों और महिला मंडल को आर्थिक सहायता देने की घोषणाएं भी कीं।

इससे पूर्व पंचायत प्रधान शेखर शर्मा ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पंचायत समिति अध्यक्षा सरोज शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फार्मा हब बद्दी को टेक्नोलॉजी से जुड़ने का अवसर

## बद्दी में एशिया लैबेक्स 2026 प्रदर्शनी शुरू, लेबोरेटरी व फार्मा इनोवेशन के लिए खोले नए रास्ते

अनंत ज्ञान

**ओम शर्मा, बीबीएन।** एशिया लैबेक्स बद्दी 2026 द लेबोरेटरी शो, जिसका आयोजन फेंजा एग्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा शुक्रवार को निमंत्रण रिजॉर्ट बद्दी में शुरू हुआ। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी लेबोरेटरी उपकरणों, एनालिटिकल टेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, रिसर्च सॉल्यूशंस, केमिकल्स और कंज्यूमेबल्स पर केंद्रित है। 31 जनवरी तक आयोजित एशिया लैबेक्स बद्दी प्रमुख निर्माताओं, टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्स, वैज्ञानिकों और फार्मास्युटिकल प्रोफेशनल्स को एक कॉमन प्लेटफॉर्म पर लाता है, जो विशेष रूप से क्वालिटी कंट्रोल और रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी की जरूरतों को पूरा करता है। इस प्रदर्शनी का मकसद भारत के तेज़ी से विकसित हो रहे लेबोरेटरी और फार्मास्युटिकल इकोसिस्टम में इनोवेशन को बढ़ावा देना, ज्ञान के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना और बिजनेस ग्रोथ को सपोर्ट करना है। शो के उद्घाटन समारोह में हिमाचल प्रदेश के स्टेट ड्रग कंट्रोलर डॉ. मनीष कपूर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में कई जाने-माने उद्योग जगत के नेता भी गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शामिल हुए, जिनमें केएस. तोशनीवाल, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. योगेंद्र सिंह तोमर,अमित चड्ढा, डॉ. पीरथी पाल सिंह, संजय शर्मा और जावेद इमाम शामिल थे, जो इस कार्यक्रम के लिए मजबूत उद्योग समर्थन को दर्शाता है। इस मौके पर फेंजा एग्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जसपाल सिंह ने कहा, 'एशिया लैबेक्स बद्दी को इनोवेशन को उद्योग की वास्तविक जरूरतों से जोड़कर लेबोरेटरी और फार्मास्युटिकल इकोसिस्टम को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

बद्दी भारत में एक प्रमुख फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग हब है, और यह प्रदर्शनी नवीनतम लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी तक सीधी पहुंच प्रदान करती है, जिससे कंपनियाँ गुणवत्ता, दक्षता और नियामक अनुपालन को बढ़ा सकती हैं। उन्होंने कहा कि एशिया लैबेक्स के माध्यम से, हम एक ज्ञान-संचालित प्लेटफॉर्म बना रहे हैं जहां पेशेवर उन्नत समाधानों का पता लगा सकते हैं, रणनीतिक साझेदारी बना सकते हैं, और भारत में अनुसंधान और गुणवत्ता आश्वासन के भविष्य को मज़बूत कर सकते हैं।



एशिया लैबेक्स प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर गणमान्य। अनंत ज्ञान

इस प्रदर्शनी में उन्नत लेबोरेटरी और एनालिटिकल उपकरण, क्वालिटी कंट्रोल और रिसर्च एंड डेवलपमेंट, माइक्रोबायोलॉजी और परीक्षण समाधान, रसायन, उपभोग्य वस्तुएँ, लेबोरेटरी सुरक्षा उत्पाद, साथ ही लाइव उत्पाद प्रदर्शन और नेटवर्किंग के अवसर शामिल हैं। एशिया लैबेक्स बद्दी 2 में ज़बरदस्त भागीदारी देखने को मिल रही है और उम्मीद है कि यह उत्तरी भारत में फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, टेस्टिंग लैबोरेटरी, रिसर्च संस्थानों और संबंधित औद्योगिक क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विजिटर्स को आकर्षित करेगा, जिससे लैबोरेटरी और फार्मा इनोवेशन के लिए एक प्रमुख प्लेटफॉर्म के रूप में इसकी स्थिति और मज़बूत होगी।

# राजगढ़ शहर को जल्द मिलेगी 6 करोड़ की पेयजल योजना : सिद्धार्थ

## प्राकृतिक आपदा के बावजूद शीघ्र पूरा किया कार्य, शहर के 4500 लोगों को मिलेगा स्वच्छ जल

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़।** बीते करीब दस वर्षों से राजगढ़ शहर के लिए निर्मित की जा रही पैरवी खड्ड उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण कार्य अन्ततः पूर्ण हो चुका है और शीघ्र ही विभाग द्वारा इस योजना को चालू कर दिया जाएगा। जिसकी पुष्टि अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग मंडल राजगढ़ अजय वर्मा ने की है। उन्होंने बताया कि इस योजना से राजगढ़ शहर की पेयजल समस्या का आगामी कई वर्षों तक स्थाई समाधान हो जाएगा।

बता दें कि राजगढ़ शहर की गंभीर पेयजल समस्या के समाधान के लिए पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह द्वारा वर्ष 2016 में इसकी आधारशिला रखी गई थी। तदोपरांत भाजपा सरकार के आने पर इस योजना का कार्य खटटाई में पड़ गया था। इसी बीच इस योजना के निर्माण में वन भूमि आड़े आ गई थी जिसके चलते वन मंत्रालय से स्वीकृति लेने के काफी समय लग गया। इसके अतिरिक्त इस योजना को पूर्ण करने के लिए करीब दस वर्ष लग गए। सहायक अभियंता जेएसवी राजगढ़ सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन-2 (अमृत) के तहत इस योजना के निर्माण पर 6.03 करोड़ की राशि व्यय की गई है । जिससे शहर की करीब 4500 आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा । उन्होने बताया कि इस योजना के तहत पैरवी खडड से छः इंच के अधिक पानी को दो चरणों में पानी को लिफ्ट किया गया है । जिसमें प्रथम चरण में 50 एचपी क्षमता के पंप के माध्यम से जल स्त्रोत से पानी को लिफ्ट किया जाएगा। जिसे 01 लाख 50 हजार लीटर क्षमता वाले भंडारण टैंक में संग्रहित किया जाएगा । जबकि द्वितीय चरण में 240 एचपी क्षमता के दो पंपों की सहायता से पानी को आगे लिफ्ट किया जाएगा। इसके पश्चात पानी को राजगढ़ के रेस्ट हाउस के साथ निर्मित किए गए 03 लाख लीटर क्षमता वाले टैंक में संग्रहित किया जाएगा, जिससे नगर पंचायत क्षेत्र में नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति संभव हो सकेगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 की प्राकृतिक आपदा के दौरान इस योजना को भारी नुकसान पहुंचा था, जिसके कारण कार्य प्रभावित हुआ। इसके बावजूद विभाग ने कड़ी मेहनत से योजना को शीघ्र पूर्ण किया गया। इस कार्य में बिजली बोर्ड के अधिकारियों का समयबद्ध ट्रॉस्फार्मर स्थापित करने में काफी सहयोग रहा ।


राजगढ़ शहर की पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूरा। अनंत ज्ञान

सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि वर्तमान में राजगढ़ में कंडा नाला पेयजल योजना से राजगढ़ शहर में जलापूर्ति की जा रही है । जिससे केवल दो अथवा अढाई इंच पानी मिल रहा है जोकि शहर के लिए नाकाफी है। उन्होंने बताया कि पैरवी खड्ड से निर्मित की गई पेयजल योजना से छः इंच पानी उपलब्ध होगा। जबकि कंडानाला योजना विभाग के पास वैकल्पिक रूप से उपलब्ध रहेगी ।

उन्होंने बताया कि योजना में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है। जल की गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से रेपिड सैंड फिल्टर लगाया गया है, ताकि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

# सांसद कश्यप के प्रयासों से छैला-यशवंतनगर सड़क को 203 .52 करोड़ का अनुदान : ओम आर्य

अनंत ज्ञान

◆ **सांसद और केंद्र सरकार का किया धन्यवाद**

**सोलन।** कसौली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा युवा नेता ओम आर्य ने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप के निरंतर प्रयासों और प्रभावी पत्राचार के फलस्वरूप केंद्र सरकार द्वारा छैला-नेरीपुल-यशवंतनगर-कुमारहट्टी सड़क परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में सीआरआईएफ के अंतर्गत ₹203.52 करोड़ का अनुदान स्वीकृत किया गया है। इसके लिए सांसद सुरेश कश्यप का धन्यवाद व्यक्त करने के साथ केंद्र सरकार का भी आभार प्रकट किया।



ओम ने बताया कि इस महत्वपूर्ण परियोजना से सोलन, शिमला एवं सिरमौर जिलों के अंतर्गत आने वाले लगभग नौ विधानसभा क्षेत्रों के सेब उत्पादकों, फूड उत्पादकों, बागवानों, किसानों, व्यापारियों एवं आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। ओम ने बताया कि सड़क कनेक्टिविटी मजबूत होने से कृषि एवं बागवानी उत्पादों को देश की प्रमुख मंडियों तक बेहतर और समयबद्ध पहुंच मिलेगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस संबंध में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही जनहित के मुद्दों को पूरी मजबूती के साथ उचित मंचों पर उठाती रही है और यह स्वीकृति उसी सतत प्रयास का परिणाम है। ओम ने कहा कि भाजपा की सोच स्पष्ट है कि विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचे। केंद्र सरकार द्वारा दिया गया यह अनुदान क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा और आने वाले समय में सोलन, शिमला व सिरमौर के लोगों के लिए नई विकास संभावनाओं के द्वार खोलेगा।

### भीम सिंह चौहान निर्विरोध चुने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सोलन।** 'हिम कॉर्पोरेट सेक्टर पेंशनर्स' की एक महत्वपूर्ण बैठक गत दिनों संपन्न हुई, जिसमें हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस दौरान पुराणी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें भीम सिंह चौहान को निर्विरोध अध्यक्ष की जिम्मादारी दी गई। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जोगिन्द्र सारटा, महासचिव एनके बाली, मुख्य प्रवक्ताः कमलेश शांडिल, मुख्य प्रैस सचिवः विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य कोषाधिकारी डीआर ठाकुर, मुख्य ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी केवल चौहान को नुयुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष भीम सिंह चौहान ने बताया कि फ्रंट की टीम ने हाल ही में एनजीओ संयुक्त मोर्चा फ्रंट के अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा से भेंट की और उन्हें कॉर्पोरेट सेक्टर की पेंशन बहाली की मांग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# देसी जड़ी-बूटियों से असाध्य रोगों का नि :शुल्क इलाज करती है अतरो देवी

अनंत ज्ञान

**शिलाई।** सेवा भावना और अद्भुत काबिलियत के लिए क्षेत्र समाज में कुछ शख्सियतें ऐसी होती हैं, जिनका योगदान निस्संदेह समाज के लिए वरदान साबित होता है। ऐसी ही एक विशिष्ट शख्सियत हैं जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के गांव मिल्ला (कुडोली) से संबंध रखने वाली मातृ शक्ति अतरो देवी, जो बीते लगभग तीस वर्षों से देसी जड़ी-बूटियों के माध्यम से असाध्य रोगों का निःशुल्क उपचार कर रही हैं।



अतरो देवी अपने घर के आसपास व दूर-दराज के पहाड़ी क्षेत्रों से विभिन्न प्रकार की औषधीय जड़ी-बूटियां स्वयं एकत्रित करती हैं और जरूरतमंद व दुखियारे मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराती हैं। इन जड़ी-बूटियों के माध्यम से वे मुख्य रूप से त्वचा रोग, बवासीर, नाभि का हिलना, फोड़े-फुंसियां सहित कई गंभीर बीमारियों का उपचार करती हैं। क्षेत्र में यह भी माना जाता है कि इन देसी औषधियों से कैंसर जैसी गंभीर व्याधियों में भी मरीजों को लाभ मिला है।

जानकारी के अनुसार अतरो देवी को यह अमूल्य ज्ञान अपने पिता स्वर्गीय कांशी राम से प्राप्त हुआ, जिनसे उन्होंने जड़ी-बूटियों द्वारा उपचार की विधि सीखी। आज के स्वार्थपूर्ण जीवन में भी उनका निःस्वार्थ भाव से सेवा करना क्षेत्र समाज के लिए अत्यंत सराहनीय है। बताया जाता है कि इन जड़ी-बूटियों का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता और नियमानुसार प्रयोग करने पर रोग से स्थायी राहत मिलती है। इस सेवा कार्य में उनके पति, शिक्षक रामिया राम, की भी अहम भूमिका रही है, जो जड़ी-बूटियों को एकत्रित करने में सहयोग करते हैं। अब तक हजारों मरीजों को इन देसी औषधियों से स्वास्थ्य लाभ मिल चुका है, जिससे अतरो देवी की यह सेवा क्षेत्र में एक मिसाल बन चुकी है।

### गुरु रविदास के दिव्य विचार राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा: बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पखवाड़े के अंतर्गत नाहन विधानसभा क्षेत्र की अनुसूचित बस्तियों मिश्रवाला, सैनवाला तथा हरीपुरखोल-जामनीघाट का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने गुरु रविदास जी द्वारा समाज और राष्ट्र को दिए गए दिव्य मार्गदर्शन को स्मरण करते हुए उनके योगदान को नमन किया। डॉ. बिंदल ने क्यारदा में संत गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने प्रवास की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने समानता, सामाजिक समरसता, भाईचारे और भक्ति भाव का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके विचारों ने भक्ति आंदोलन को नई दिशा दी और समाज में समता की भावना को मजबूत किया। डॉ. बिंदल ने कहा कि गुरु रविदास जी का योगदान देश और समाज द्वारा सदैव स्मरणीय रहेगा। इस दौरान स्थानीय लोगों से संवाद कर जनहित से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**कार्यक्रम** खंड स्तरीय नई चेतना 4.0 राष्ट्रीय लैंगिक अभियान पर कार्यशाला आयोजित

# शिक्षा से लैंगिक असमानता को करें दूर: सुल्तानपुरी

अनंत ज्ञान

**अश्वनी शर्मा, कसौली।** कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि लैंगिक असमानता को दूर करने के लिए शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और परिवार में समान जिम्मेदारियों को बढ़ावा देना आवश्यक है। विनोद सुल्तानपुरी आज यहां खण्ड स्तरीय नई चेतना 4.0 राष्ट्रीय लैंगिक अभियान विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि नई चेतना 4.0 राष्ट्रीय लैंगिक अभियान का उद्देश्य लिंग आधारित हिंसा को पूर्ण रूप से समाप्त करना है।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार के अथक सुधारात्मक प्रयासों से लैंगिक समानता में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लिंगानुपात में सुधार के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। महिलाओं को जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से उनके विधिक एवं मौलिक अधिकारों की जानकारी दी जा रही है। विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अनेक ऐसे निर्णय लिए हैं जिनके दूरगामी सकारात्मक परिणाम भविष्य में प्राप्त होंगे। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार अब राशन कार्ड महिला के नाम पर बनाए जा रहे हैं। भूमि व सम्पति महिला के नाम पंजीकरण करने पर शुल्क पुरुषों की अपेक्षा कम लिया जाता है। विधायक ने कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता रही प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। शिविर में उपमण्डलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने लैंगिक समानता के विषय पर अपने बहुमूल्य विचार रखे।



प्रतिभागियों को सम्मानित करते विधायक सुल्तानपुरी। अनंत ज्ञान

विकास खंड अधिकारी सोलन रमेश शर्मा ने अवगत करवाया कि सोलन खण्ड में लगभग 400 स्वयं सहायता समूह कार्य कर रही हैं। इसमें लगभग 6000 महिलाएं जुड़ी है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण व उत्थान के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग, यूको आरसेटी, कृषि विभाग तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रतिनिधियों ने महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकार, स्वरोज़गार, कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं समानता विषयों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओम प्रकाश शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा लैंगिक अभियान के बारे में जानकारी प्रदान की।

शिविर में स्वयं सहायता समूह की सदस्यों द्वारा समूह गान के माध्यम से लैंगिक अभियान के बारे में महिलाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर रंगोली, मेहंदी, नुक्कड़ नाटक व पारम्पारिक व्यजंन की प्रतियोगिताएं करवाई गई। ग्राम पंचायत अन्हेच के प्रधान मोहन लाल कंवर, कार्यक्रम प्रबंधक बबीता शर्मा, तहसील कल्याण अधिकारी देवेन्द्र कुमार सहित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने शिविर में भाग लिया।

